वर्ष-14 - अंक 131
पृष्ट-08 मूल्य : 02 रुपया

सीतापुर
गुरुवार,20 अगस्त 2026

RNI.No. UHIN/2012/43078

स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें....... 9511151254

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

swatantraprabhat.com

# स्वतंत्र प्रभात

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा



लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून गाज़ियाबाद , दिल्ली ,पंजाब , हरियाणा ,चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

वैश्विक रोजगार से जुड़ेंगे यूपी के युवा, कौशल विकास ......... 3
शुद्धता का अंत, मिलावट का स्वर्णकाल.............................. 4
एक ही राज्य में केवाईसी के अलग-अलग शुल्क सिलचर में 150......................... 08

# चीन सीमा पर झूठे दावे न करें, इससे सुरक्षाबलों का मनोबल कमजोर होता है : रिजिजू

## ‘60 किलोमीटर अंदर घुसने’ का दावा गलत, अरुणाचल में सीमांकन की समस्या पुरानी : केंद्रीय मंत्री



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने चीन सीमा विवाद को लेकर विपक्ष के बयानों पर पलटवार करते हुए कहा कि भारत-चीन सीमा से जुड़ी गलत जानकारी और भ्रामक दावे नहीं किए जाने चाहिए। इससे सुरक्षाबलों का मनोबल प्रभावित होता है। उन्होंने विपक्ष के इस दावे को गलत बताया कि चीन भारतीय सीमा में 60 किलोमीटर तक अंदर घुस आया है। नई दिल्ली में आईएएनएस से बातचीत में रिजिजू ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में भारत-चीन सीमा कई स्थानों पर स्पष्ट रूप से सीमांकित नहीं है। कई क्षेत्रों में सीमा स्तंभ और जमीन पर स्पष्ट निशान नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सीमा से जुड़ी स्थानीय लोगों की चिंताएं अपनी जगह सही हैं, लेकिन इन्हें चीन के भारतीय क्षेत्र में 60 किलोमीटर तक घुस आने के दावे से जोड़ना उचित नहीं है। रिजिजू ने कहा कि चीन ने भारत की तुलना में पहले अपनी ओर सड़क और अन्य बुनियादी ढांचा विकसित करना शुरू कर दिया था। उनके अनुसार, तत्कालीन रक्षा मंत्री एके एंटनी ने संसद में कहा था कि सीमा के कुछ क्षेत्रों में बुनियादी ढांचा विकसित करना सरकार की नीति का हिस्सा नहीं था। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सीमा क्षेत्रों में सड़क और अन्य बुनियादी ढांचे के निर्माण को गति दी गई। सीमावर्ती गांवों तक सड़क संपर्क मजबूत किया गया और सुरक्षा बलों की आवाजाही को भी बेहतर बनाया गया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह कहना सही नहीं है कि चीन ने भारत के गांवों पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने बताया कि कुछ विवादित क्षेत्रों में चीन की ओर से बुनियादी ढांचे और कुछ इमारतों का निर्माण किया गया है, लेकिन सीमा की स्थिति को समझने के लिए पुराने विवाद और सीमांकन की स्थिति को भी ध्यान में रखना जरूरी है। रिजिजू ने कहा कि भारत-चीन सीमा से जुड़े कुछ क्षेत्रों में लंबे समय से विवाद रहा है। उन्होंने बताया कि भारत की ओर से भी सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था और गश्त को मजबूत किया गया है। रिजिजू ने कहा कि सेना देश की रक्षा करती है और उसे राजनीतिक विवादों में नहीं घसीटना चाहिए। उन्होंने सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए आपत्तिजनक भाषा के इस्तेमाल पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कांग्रेस नेताओं से सेना के संबंध में बयान देते समय संयम बरतने की अपील करते हुए कहा कि राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हैं, लेकिन सुरक्षाबलों के सम्मान और मनोबल का ध्यान रखा जाना चाहिए।

**नई दिल्ली में आईएएनएस से बातचीत में रिजिजू ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में भारत-चीन सीमा कई स्थानों पर स्पष्ट रूप से सीमांकित नहीं है। कई क्षेत्रों में सीमा स्तंभ और जमीन पर स्पष्ट निशान नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सीमा से जुड़ी स्थानीय लोगों की चिंताएं अपनी जगह सही हैं, लेकिन इन्हें चीन के भारतीय क्षेत्र में 60 किलोमीटर तक घुस आने के दावे से जोड़ना उचित नहीं है। रिजिजू ने कहा कि चीन ने भारत की तुलना में पहले अपनी ओर सड़क और अन्य बुनियादी ढांचा विकसित करना शुरू कर दिया था। उनके अनुसार, तत्कालीन रक्षा मंत्री एके एंटनी ने संसद में कहा था कि सीमा के कुछ क्षेत्रों में बुनियादी ढांचा विकसित**

# शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा एक्शन मोड में, सोनीपत के स्कूल का किया औचक निरीक्षण



**चंडीगढ़(एजेंसी)।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने बुधवार को सोनीपत जिले के गन्नौर क्षेत्र स्थित दातौली गांव के पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल में साफ-सफाई, बुनियादी सुविधाओं, शिक्षण व्यवस्था और प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंत्री ने अधिकारियों को व्यवस्थाओं में सुधार और विद्यार्थियों की समस्याओं के प्राथमिकता के आधार पर समाधान के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान शिक्षा मंत्री कक्षाओं में पहुंचे और विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने पढ़ाई के स्तर, शिक्षकों की उपस्थिति, शिक्षण सामग्री तथा विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। विद्यार्थियों ने भी अपनी समस्याएं और आवश्यकताएं मंत्री के सामने रखीं। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को विद्यार्थियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महीपाल ढांडा ने कहा कि सरकारी शिक्षण संस्थानों की वास्तविक स्थिति जानने के लिए मौके पर जाकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि केवल कार्यालयों में बैठकर योजनाएं बनाने से शिक्षा व्यवस्था में अपेक्षित बदलाव नहीं लाया जा सकता। इसके लिए जमीनी स्तर पर कमियों की पहचान कर उनका तत्काल समाधान किया जाना चाहिए। शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए मंत्री का औचक निरीक्षण अभियान लगातार जारी है। पिछले 11 दिनों में वह पंचकूला के राजकीय कॉलेज, बसताड़ा के राजकीय महिला कॉलेज, पानीपत के सेक्टर-18 स्थित राजकीय कॉलेज और निजामपुर गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सहित कई शिक्षण संस्थानों का निरीक्षण कर चुके हैं। शिक्षा मंत्री ने शिक्षकों और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने शिक्षकों से निष्ठा के साथ शिक्षण कार्य करने और विद्यालय परिसरों में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने को कहा। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रदेश के सरकारी शिक्षण संस्थानों में ऐसा बेहतर माहौल तैयार करना है, जहां आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

## संक्षिप्त ख़बरें

### महुआ मोइत्रा के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**नदिया।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ कृष्णानगर की तृतीय न्यायिक मजिस्ट्रेट अदालत ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। यह कार्रवाई एक शिकायत मामले में निर्धारित प्रक्रिया के तहत समन जारी होने के बावजूद अदालत में उपस्थित नहीं होने पर की गई है। नदिया के पुलिस अधीक्षक अतुल वी. ने वारंट जारी होने की पुष्टि की है। पुलिस के अनुसार, मामला भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 227 के तहत दायर शिकायत से जुड़ा है। सुनवाई के दौरान अदालत ने महुआ मोइत्रा को कई बार समन जारी किया था। निर्धारित प्रक्रिया के बावजूद अदालत में उनकी उपस्थिति नहीं होने पर न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आदेश दिया। शिकायत मामले में महुआ मोइत्रा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। इनमें महिला की मर्यादा का अपमान, विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्य बढ़ाना, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के उद्देश्य से जानबूझकर किए गए कृत्य, आपराधिक धमकी तथा सार्वजनिक अशांति या लोक व्यवस्था प्रभावित करने वाले बयानों से संबंधित धाराएं शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मामले में अदालत की ओर से निर्धारित कानूनी प्रक्रिया का पालन किया गया है और उसी के तहत वारंट जारी हुआ है।

### भगवान पार्श्वनाथ के निर्वाण पर महमूदाबाद में चढ़ाया गया 23 किलो का निर्वाण लाडू

**महमूदाबाद, सीतापुर।** जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ जी के निर्वाण दिवस के अवसर पर महमूदाबाद में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण देखने को मिला। श्री विविक्ति मति माता जी ससंघ के सानिध्य में भगवान पार्श्वनाथ जी की निर्वाण कांड शिखर जी की रचना के साथ विधि-विधानपूर्वक 23 किलो का निर्वाण लाडू श्रद्धापूर्वक अर्पित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान की नित्य पूजन, अभिषेक एवं शांतिधारा के साथ हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं ने भगवान पार्श्वनाथ जी की आराधना कर निर्वाण लाडू समर्पित किया। इस दौरान जैन समाज के अनुयायी भगवान की भक्ति में सराबोर नजर आए। कार्यक्रम में जैन समाज के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की और भगवान पार्श्वनाथ जी के सिद्धांतों एवं अहिंसा के संदेश को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। धार्मिक आयोजन के दौरान पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

# यात्रा एडवाइजरी पर फिर विचार करेगा अमेरिका : गोर



**श्रीनगर(एजेंसी)।** भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के अपने पहले दौरे के दौरान कहा कि अमेरिका केंद्र शासित प्रदेश के लिए जारी यात्रा संबंधी एडवाइजरी पर फिर से विचार करेगा। उन्होंने जम्मू-कश्मीर को भारत का ‘महत्वपूर्ण हिस्सा’ बताया। श्रीनगर पहुंचने के बाद राजदूत गोर ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से मुलाकात की। बैठक के बाद उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर बेहद खूबसूरत क्षेत्र है और यहां आकर वह काफी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका अपनी यात्रा संबंधी एडवाइजरी की समीक्षा करेगा और भारत के इस महत्वपूर्ण हिस्से के साथ संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में काम करना चाहता है। गोर ने मुख्यमंत्री के साथ हुई बैठक को सकारात्मक बताते हुए कहा कि कुछ मुद्दों पर आगे भी काम किया जाना है। इन विषयों को वाशिंगटन और नई दिल्ली के स्तर पर आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में मिले गर्मजोशी भरे स्वागत की भी सराहना की। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी बैठक को अच्छा बताते हुए कहा कि भारत-अमेरिका संबंधों के अलावा इस बात पर चर्चा हुई कि अमेरिका जम्मू-कश्मीर के लिए किस तरह की भूमिका निभा सकता है। अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के दो दिवसीय दौरे पर बुधवार को श्रीनगर पहुंचे। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 के प्रावधानों में बदलाव के बाद जम्मू-कश्मीर का दौरा करने वाले वह पहले अमेरिकी राजदूत हैं। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि क्षेत्र से जुड़े कुछ मुद्दे पहले से चले आ रहे हैं, जिन्हें समय के साथ सुलझाने की दिशा में काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए वह उत्सुक हैं। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि अमेरिकी राजदूत के साथ हुई बातचीत आगे वाशिंगटन और नई दिल्ली के स्तर पर भी जारी रहेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में अमेरिका और जम्मू-कश्मीर के बीच संपर्क एवं सहयोग का दायरा बढ़ेगा और संबंध और मजबूत होंगे। अमेरिकी राजदूत का जम्मू-कश्मीर को भारत का ‘महत्वपूर्ण हिस्सा’ बताना क्षेत्र की राजनीति के लिहाज से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उनके बयान से भारत-अमेरिका संबंधों के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर को लेकर अमेरिकी रुख को लेकर भी स्पष्टता सामने आई है।

# दरगाह छोटे मखदूम साहब में चार दिवसीय उर्स के अवसर पर मखदूम अब्दुल फतह का कुल शरीफ 20अगस्त को होगा,

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खैराबाद सीतापुर।** स्थानीय दरगाह हजरत छोटे मखदूम साहब में चार दिवसीय उर्स का शुभारंभ 18 अगस्त से हो गया है उसी क्रम में आज 19 अगस्त को ख्वाजा कुतुब साहब का कुल शरीफ हुआ तथा रात में छोटे मखदूम साहब के सुपुत्र मखदूम सैयद अबुल फतह का का 437 वा उर्स शुरू हुआ और 20 अगस्त को सायंकाल कुल शरीफ होगा तथा रात में मखदूम सैय्यद निजामुद्दीन अल्लाहदिया अलैहिर्रहमा का जुलूस गागर संदल बड़े मखदूम साहब की दरगाह से रात में उठाया जाएगा जो विभिन्न रास्तों से होता हुआ दरगाह शरीफ पहुंचेगा जहां देर रात तक कव्वाली होंगी, 21 अगस्त को सुबह कुरान ख्वानी तथा मीलाद शरीफ और गुस्ल मजार होगा तथा सांय काल 6:00 बजे कुल शरीफ होगा। इस अवसर पर दरगाह के सज्जादा नशीन सैय्यद मदनी मियां ने कहा कि हमें अपने बुजुर्गों की तालीम यानी उनके द्वारा दी गई शिक्षा पर अमल करना चाहिए तथा नमाज़ की पाबन्दी करना चाहिए क्योंकि नमाज़ को ही सबसे पहले पूछा जाएगा। इस अवसर पर तमाम श्रद्धालु उपस्थित थे । आपके सुपुत्र हाफ़िज़ गुफरान रिज़वी, कामरान रिज़वी, सैय्यद फरमान मियां चिश्ती,सैय्यद सलमी मियां,फरजान मियां, फरहान मियां, मोहम्मद जुनेद, डॉक्टर सैय्यद रेहान रिज़वी,आदि मौजूद थे।

# दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण नियंत्रण की कवायद तेज



**जयपुर(एजेंसी)।** दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण की स्थिति और नियंत्रण उपायों की समीक्षा को लेकर प्रधानमंत्री के सलाहकार तरुण कपूर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और पंजाब के मुख्य सचिवों के साथ बैठक की। बैठक में वायु गुणवत्ता, प्रदूषण के प्रमुख कारणों तथा रोकथाम के लिए किए जा रहे उपायों की समीक्षा की गई। तरुण कपूर ने मानसून के बाद सड़कों पर जमा धूल की सफाई के लिए 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने सीवरेज शोधन संयंत्रों के आसपास की सड़कों की उपचारित जल से धुलाई सुनिश्चित करने को भी कहा। बैठक में प्रदूषण नियंत्रण के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। तरुण कपूर ने कहा कि ईंधन की खपत कम करने और वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए सभी राज्यों को इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने सभी ईंधन स्टेशनों पर वाहन पंजीकरण एवं प्रमाणीकरण (वाहन) से जुड़े स्वचालित नंबर प्लेट पहचान कैमरों के संचालन और प्रभावी निगरानी को निर्धारित समयसीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में औद्योगिक प्रदूषण नियंत्रण, वायु गुणवत्ता की नियमित निगरानी, पराली एवं जैव अपशिष्ट जलाने पर रोक तथा पौधारोपण जैसे उपायों को प्राथमिकता से लागू करने पर चर्चा हुई। संबंधित राज्यों को प्रदूषण नियंत्रण के लिए आपसी समन्वय के साथ प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए गए। राजस्थान के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने राज्य में प्रदूषण नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ‘परिवर्तन’ कार्यक्रम के तहत एनसीआर क्षेत्र में 5,268 पुराने और प्रदूषणकारी वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। साथ ही इलेक्ट्रिक बसों का संचालन भी लगातार बढ़ाया जा रहा है।

# बसपा कार्यकर्ता सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मिश्रिख, सीतापुर।** बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में बुधवार को मिश्रिख के मेला मैदान में हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में पार्टी नेताओं ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश भरा और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व राज्यसभा सांसद मुनकाद अली ने की। सम्मेलन के मुख्य अतिथि बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल रहे। प्रदेश अध्यक्ष ने मिश्रिख विधानसभा की सुरक्षित सीट से अभिलाषा वर्मा को वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया। इस दौरान विश्वनाथ पाल ने भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी, कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में पूरी ताकत के साथ जुटने की अपील की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जनता तक पहुंचाएं। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से अभिलाषा वर्मा को भारी मतों से विजयी बनाने और उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनाने के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम स्थल पर काफी देर तक उत्साह का माहौल बना रहा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष बसपा विनोद राजवंशी, वीपी हँस,पिंकू पाल, सोमेंद्र सिंह,प्रदीप गुप्ता,सुदर्शन लाल भारती,लकी भाई,दिनेश मौर्य रजनीश मौर्य,विनोद भारती, सजंय गौतम,रीता पाल,सुरेन्द्र भारती,महेश भारती,भईया लाल,कालीचरण,अमित गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

# नई तकनीक और बदलती दुनिया के साथ कदम मिलाकर आगे बढ़ें युवा : नायब सिंह सैनी



**चंडीगढ़(एजेंसी)।** हरियाणा को ‘गो ग्लोबल’ अप्रोच के साथ दुनिया से जोड़ने और युवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय अवसरों का विस्तार करने की दिशा में विदेश सहयोग विभाग द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को संत कबीर कुटीर में हरियाणा के विभिन्न विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत विदेशी विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उपस्थित विदेशी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज दुनिया तेजी से बदल रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और अन्य आधुनिक तकनीकों ने शिक्षा, चिकित्सा, कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में नए अवसर पैदा किए हैं। ऐसे में युवाओं को लगातार सीखते रहने, नई तकनीकों को अपनाने और बदलती दुनिया के साथ कदम मिलाकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। ‘गो ग्लोबल’ अप्रोच के साथ आगे बढ़ते हुए युवाओं को वैश्विक अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन का अंतिम पड़ाव नहीं, बल्कि आगे बढ़ने की शुरुआत है। संवाद कार्यक्रम में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र और महर्षि मार्कंडेश्वर यूनिवर्सिटी मुलाना में पढ़ रहे 14 देशों के विद्यार्थी शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से उनके अध्ययन और शोध कार्य को लेकर सीधा संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों से पूछा कि वे जिस विषय पर शोध कर रहे हैं, उसमें उन्हें क्या नया सीखने को मिला और हरियाणा में उनका अनुभव कैसा रहा। विद्यार्थियों ने भी मुख्यमंत्री के समक्ष अपने अनुभव साझा किए और हरियाणा में शिक्षा, शोध, विश्वविद्यालयों के वातावरण, यहां की संस्कृति और लोगों से जुड़े अपने अनुभवों के बारे में बताया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में विश्वविद्यालय का समय केवल डिग्री हासिल करने तक सीमित नहीं होता। इस दौरान प्राप्त शिक्षा, अनुभव और यादें जीवनभर साथ रहती हैं। हरियाणा में शिक्षा प्राप्त कर रहे विदेशी विद्यार्थी जब अपने-अपने देशों में वापस जाएंगे, तो वे यहां के अनुभवों को वहां साझा करेंगे। उन्होंने कहा कि ये विद्यार्थी हरियाणा के ‘ब्रांड एंबेसडर’ की तरह काम कर सकते हैं और अपने देशों में प्रदेश की शिक्षा, संस्कृति तथा यहां मिले अनुभवों की सकारात्मक तस्वीर प्रस्तुत कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि हरियाणा से प्राप्त ज्ञान और अनुभवों का लाभ वे अपने देशों के विकास में भी पहुंचाएं।

# उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई बेहटा द्वारा आयोजित आम सभा में नई कार्यकारिणी का गठन

**बेहटा सीतापुर(एजेंसी)।** ब्लॉक संसाधन केंद्र बेहटा मे बेहटा के ब्लॉक शिक्षक संघ की कार्यकारिणी की एक आवश्यक आम सभा की बैठक संरक्षक धीरेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य संघ के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना एवं नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का मनोनयन करना था। सभागार में उपस्थित सभी शिक्षको की सहमति और सर्वसम्मति से मंत्री समेत संघ के समस्त निर्धारित पदों पर पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया जिसमें मंत्री के पद पर चंद्रिका प्रसाद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर राहुल सिंह रघुवंशी, उपाध्यक्ष के पद पर तुफैल अहमद खान, सोनेन्द्र खंडेलवाल, गौरव यादव, गौरव मिश्रा, रीता वर्मा, कोषाध्यक्ष के पद पर राहुल श्रीवास्तव, संयुक्त मंत्री के पद पर जितेंद्र कुमार वर्मा, संगठन मंत्री के पद पर आशीष तिवारी, अंजली सिंह, ब्रजेंद्र कुमार, शैलेन्द्र सिंह, प्रद्युम्न वर्मा, प्रचार मंत्री के पद पर पूजा जासवाल, गौरव शर्मा, अमित द्विवेदी, पंकज कुमार, जौहरी सिंह, उप मंत्री के पद पर सुबोध सिंह एवं शिवम शुक्ल, अकाउंटेंट के पद पर शिवम मित्तल, ऑडिटर के पद पर लवकुश गोयल एवं मीडिया प्रभारी के पद पर शिवम् शुक्ला व सह-मीडिया प्रभारी के पद पर गिरीश कुमार का मनोनयन किया गया ! मनोनयन के उपरांत नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहनाकर बधाई दी गई। ?बैठक को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा, संघ की प्राथमिकता शिक्षकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान कराना, उनके अधिकारों की रक्षा करना और शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए निरंतर प्रयास करना होगा।

# संक्षिप्त खबरें

### चाय बनाते समय लीकेज से सिलेंडर में धमाका, आगरा में बाल-बाल बचा परिवार

**आगरा।** थाना एकता क्षेत्र अंतर्गत पचगई खेड़ा गांव में बुधवार सुबह एक बड़ा हादसा होने से बच गया। घर में चाय बनाते समय अचानक एलपीजी सिलेंडर में आग लग गई, जिसके कुछ ही देर बाद जोर का धमाका हुआ। गनीमत यह रही कि सिलेंडर फटने से ठीक पहले परिवार के सभी सदस्य तुरंत घर से बाहर भाग निकले, जिससे एक बड़ी जनहानि होने से बच गई। पचगई खेड़ा निवासी उदयभान के घर में रसोई के भीतर चाय बनाई जा रही थी। इसी दौरान गैस चूल्हे के पाइप में हुए रिसाव (लीकेज) के कारण अचानक आग भड़क गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जब तक परिवार वाले कुछ समझ पाते, सिलेंडर ने आग पकड़ ली। खतरा भांपकर परिजनों ने समझदारी दिखाई और तुरंत घर से बाहर की ओर दौड़े। कुछ ही पलों में सिलेंडर भीषण धमाके के साथ फट गया। ब्लास्ट इतना तीव्र था कि उदयभान के मकान की दीवारें ढह गईं और दरवाजे टूटकर दूर जा गिरे। धमाके की गूंज से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के ग्रामीण दहशत में आ गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

### आगरा की ज्ञानवी बनीं स्काईडाइविंग की उड़ान विशेषज्ञ, पूरे किए 350 घंटे

**आगरा।** बचपन से ही आसमान में उड़ान भरने का सपना देखने वाली कमला नगर स्थित प्रोफेसर कालोनी की ज्ञानवी अग्रवाल ने विमानन क्षेत्र में एक नई उपलब्धि हासिल की है। ज्ञानवी ने अमेरिका में प्रशिक्षण प्राप्त किया और फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन से इंस्ट्रूमेंट-रेटेड एयरक्राफ्ट पायलट सर्टिफिकेशन प्राप्त किया। इसके साथ ही, उन्होंने डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन से कमर्शियल पायलट लाइसेंस भी हासिल किया। वर्तमान में, ज्ञानवी मैक्सन एविएशन के साथ राजस्थान में कार्यरत हैं, जहां वे स्काइडाइविंग के लिए विमान उड़ाती हैं। वे स्काईडाइवर्स को सुरक्षित ऊंचाई तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और अब तक 350 घंटे की उड़ान पूरी कर चुकी हैं। ज्ञानवी के पिता मनीष अग्रवाल रबर से जुड़े व्यवसाय में हैं, जबकि उनकी माता शिल्पा अग्रवाल गृहिणी हैं। उनकी दादी राधा अग्रवाल धार्मिक और सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। ज्ञानवी की बड़ी बहन युक्ति अग्रवाल ने डाक्टर की पढ़ाई पूरी की है। वे रेलवे सलाहकार समिति की सदस्य निधि अग्रवाल की भतीजी हैं और उनके फूफा पंकज अग्रवाल उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के मंडल अध्यक्ष रह चुके हैं।

# बाढ़ प्रभावित गांवों का सीडीओ ने किया निरीक्षण

## पशुओं के लिए भी हो चारे की समुचित व्यवस्था: सीडीओ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोण्डा।** तहसील तरबगंज अंतर्गत बाढ़ प्रभावित ग्राम ऐलीपरसौली सहित अन्य प्रभावित गांवों का जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन के निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी दयानंद प्रसाद, उपजिलाधिकारी तरबगंज एवं जिला आपदा विशेषज्ञ ने निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बाढ़ की स्थिति का जायजा लेते हुए प्रभावित क्षेत्रों में ग्रामीणों से संवाद किया तथा उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। इस दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी और राहत कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने उन सभी मजरों की स्थिति का जायजा लिया, जहां बाढ़ का पानी पहुंच गया है। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रभावित ग्रामीणों को तत्काल लंच पैकेट, राशन किट तथा आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाए। साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव से जुड़ी व्यवस्थाओं को लगातार सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए, ताकि जरूरतमंद परिवारों तक समय से सहायता पहुंच सके। मुख्य विकास अधिकारी दयानंद प्रसाद ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहकर स्थिति पर नजर रखें और ग्रामीणों की समस्याओं का तत्काल समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बाढ़ की स्थिति में ग्रामीणों के साथ-साथ पशुधन की सुरक्षा एवं आवश्यक सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा जाए।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं के लिए समय से भूसा एवं अन्य आवश्यक चारे की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे पशुपालकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। अधिकारियों को राहत सामग्री के वितरण में पारदर्शिता और तत्परता बनाए रखने तथा आवश्यकता के अनुसार तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित गांवों में स्थिति पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल संबंधित अधिकारियों को अवगत कराएं, ताकि आवश्यक सहायता समय से उपलब्ध कराई जा सके।

### पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने सुनी आमजन की समस्याएं, दिये त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण के दिए निर्देश

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** बुधवार दिनांक 19.08.2026 को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई/जनता दर्शन कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं पूर्ण तत्परता के साथ सुना गया। कार्यक्रम के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, गुमशुदगी, साइबर धोखाधड़ी, राजस्व प्रकरणों एवं अन्य पुलिस संबंधी मामलों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक प्रकरण का स्वयं संज्ञान लेते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट निर्देश प्रदान किए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण एवं तथ्यपरक जांच की जाए तथा पीड़ितों को की गई कार्यवाही से समय पर अवगत कराया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही, विलंब या उत्पीड़न पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई। जिन मामलों में त्वरित हस्तक्षेप आवश्यक है, उनमें तत्काल विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।जनसुनवाई कार्यक्रम पुलिस और जनता के मध्य विश्वास, संवाद एवं पारदर्शिता को सुदृढ़ करने का प्रभावी माध्यम है।

## उफनती बिछ्यारी नदी में डूबे बालक और बचाने गए युवक का दूसरे दिन भी सुराग नही

### बाढ़ राहत दल का रेस्यू जारी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बीजपुर /सोनभद्र-** में हो रही लगातार मूसलाधार बारिश के चलते सभी नदी-नाले उफान पर हैं।रजमिलान स्थित बिछ्यारी नदी में मंगलवार को डूबे 10 वर्षीय बालक और उसे बचाने गए 45 वर्षीय युवक का बुधवार को भी कोई सुराग नहीं लग सका। दिनभर बाढ़ राहत दल और स्थानीय गोताखोरों की टीमें नाव व सुरक्षा उपकरणों के साथ नदी के तेज बहाव में तलाश करती रहीं, लेकिन शाम तक दोनों का पता नहीं चल पाया।जानकारी के अनुसार मंगलवार को रजमिलान गांव के तीन बच्चे बिछ्यारी नदी किनारे खेल रहे थे।इसी दौरान तीनों एक लकड़ी के सहारे पानी में तैरने लगे और गहरे पानी में चले गए। अचानक संतुलन बिगड़ने से लल्लू (10) पुत्र मनराज की लकड़ी पलट गई और वह डूबने लगा। साथ मौजूद दो अन्य बच्चे किसी तरह सुरक्षित किनारे पहुंचे और शोर मचाने लगे।बच्चों की चीख-पुकार सुनकर पास के खेत में काम कर रहे राजकुमार (45) पुत्र बहादुर तुरंत नदी की ओर दौड़े। मासूम को डूबता देख राजकुमार ने बिना अपनी जान की परवाह किए नदी में छलांग लगा दी। हालांकि, नदी के तेज बहाव और जलस्तर अधिक होने के कारण वह भी पानी में बह गए और लापता हो गए।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने तुरंत स्थानीय गोताखोरों की मदद से खोजबीन शुरू कराई,लेकिन अंधेरा व तेज बहाव होने के कारण मंगलवार रात अभियान रोकना पड़ा।बुधवार सुबह से ही बाढ़ राहत दल और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने पानी के तेज प्रवाह के बीच सघन तलाशी अभियान चलाया, मगर दोनों का कोई पता नहीं चल सका। रेस्क्यू टीम लगातार नदी के निचले इलाकों में दोनों की तलाश कर रही है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में मातम पसरा हुआ है।थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि पानी का बहाव बहुत तेज होने के कारण रेस्क्यू टीम को काफी परेशानी हो रही है पूरा प्रयास किया जा रहा है।

## पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में नक्सल समन्वय गोष्ठी आयोजित

### सीमावर्ती क्षेत्रों में सतर्कता एवं आपसी समन्वय बढ़ाने पर जोर



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** बुधवार दिनांक 19.08.2026 को पुलिस लाइन चुर्क, सोनभद्र स्थित कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) सोनभद्र ऋषभ रूणवाल की अध्यक्षता में नक्सल समन्वय गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में जनपद सोनभद्र के पुलिस एवं अन्य विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ-साथ सीमावर्ती जनपद मीरजापुर एवं चन्दौली से आए अधिकारीगण द्वारा प्रतिभाग किया गया। गोष्ठी के दौरान नक्सल संचरण की संभावना के दृष्टिगत नक्सल प्रभावित एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने, आपसी समन्वय को और अधिक प्रभावी बनाने तथा नियमित रूप से कॉम्बिंग एवं एरिया डोमिनेशन किए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) द्वारा निर्देशित किया गया कि कॉम्बिंग एवं एरिया डोमिनेशन के दौरान स्थानीय ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना जाए तथा उनका हरसंभव निराकरण कराया जाए। साथ ही ग्रामीणों को जागरूक किया जाए कि वे किसी भी प्रकार के बहकावे में न आएं तथा क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, गतिविधि अथवा वस्तु की जानकारी तत्काल स्थानीय पुलिस एवं प्रशासन को दें। गोष्ठी में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने, पुलिस एवं प्रशासनिक विभागों के मध्य बेहतर समन्वय बनाए रखने तथा सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर डिप्टी सीएमओ सोनभद्र डॉ0 सुमन कुमार जायसवाल, महेन्द्र प्रताप यादव, प्रभारी निरीक्षक स्थानीय अभिसूचना इकाई सोनभद्र, जनपद के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के थाना प्रभारी/चौकी प्रभारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य-शिक्षा व्यवस्था की खुली पोल, डॉक्टर-शिक्षक गैरहाजिर

## सलेमपुर में सीएचसी और प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण में मिली खामियातलब करने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के बुधवार को सलेमपुर क्षेत्र में किए गए औचक निरीक्षण में स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था की जमीनी हकीकत सामने आ गई। सीएचसी सलेमपुर में सुबह करीब 8:15 बजे कुछ चिकित्सक अनुपस्थित मिले, जबकि कुछ चिकित्सक बिना एप्रन के ड्यूटी करते पाए गए। वहीं प्राथमिक विद्यालय पिपरा भानुमती में एक शिक्षक गैरहाजिर मिला और विद्यार्थियों की उपस्थिति भी कम मिली। डीएम ने दोनों मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। सीएचसी में डॉक्टर मिले गायब, बिना एप्रन ड्यूटी पर नाराज हुए डीएमजिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलेमपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कुछ चिकित्सक ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए। कुछ चिकित्सक बिना एप्रन के ही मरीजों का उपचार करते मिले। इस पर डीएम ने नाराजगी जताई और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को संबंधित चिकित्सकों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए।

डीएम ने एमसीएच विंग का निरीक्षण कर भर्ती गर्भवती महिलाओं से स्वास्थ्य की जानकारी ली। हाल में हुए प्रसव के मामलों में माताओं और नवजात बच्चों के टीकाकरण कार्ड भी जांचे। उन्होंने आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और एएनएम को वीएचएसएनडी सत्रों में गर्भवती महिलाओं व बच्चों की नियमित जांच और टीकाकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी और मरीजों को समय से गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मिलनी चाहिए।स्कूल में शिक्षक गैरहाजिर, बच्चों की संख्या भी कमइसके बाद डीएम ने प्राथमिक विद्यालय पिपरा भानुमती का निरीक्षण किया। यहां विद्यार्थियों की उपस्थिति कम मिली और एक शिक्षक अनुपस्थित पाया गया। डीएम ने बीएसए को निर्देश दिया कि बीईओ के माध्यम से अनुपस्थित शिक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब किया जाए। डीएम ने विद्यालय में डिजिटल अटेंडेंस व्यवस्था प्रभावी ढंग से लागू करने के साथ बच्चों के शैक्षिक स्तर की भी जांच की। कक्षा पांच के विद्यार्थियों से हिंदी और अंग्रेजी के प्रश्न पूछे।

## सुरक्षित सुबह से सड़क तक: देवरिया में पुलिस का व्यापक अभियान, 134 वाहनों के चालान

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर के निर्देशन में बुधवार को जिले में सुरक्षा, महिला जागरूकता, वरिष्ठ नागरिकों से संवाद और यातायात व्यवस्था को लेकर व्यापक अभियान चला। 'गुड मॉर्निंग देवरिया', कम्यूनिटी पुलिसिंग, मिशन शक्ति-5.0 और यातायात चेकिंग अभियान के तहत पुलिस ने पार्कों, विद्यालयों, धार्मिक स्थलों, प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थानों पर सक्रियता बढ़ाई।मॉर्निंग वॉकर्स से संवाद, बुजुर्गों को सुरक्षा का भरोसा'गुड मॉर्निंग देवरिया' अभियान के तहत पुलिस टीमों ने पार्कों, स्टेडियमों और प्रमुख मार्गों पर मॉर्निंग वॉक करने वाले महिला-पुरुषों से संवाद किया। उनकी समस्याएं और सुझाव सुने गए। वहीं कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट ने वरिष्ठ नागरिकों के घरों और सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर उनकी सुरक्षा से जुड़ी जानकारी ली। पुलिस ने मोबाइल नंबरों का आदान-प्रदान करते हुए आपात स्थिति, साइबर ठगी या अन्य समस्या में तत्काल संपर्क करने की अपील की।वरिष्ठ नागरिकों को ऑनलाइन ठगी से बचाव के प्रति भी जागरूक किया गया। मौके पर प्राप्त शिकायतों का यथासंभव निस्तारण किया गया और शेष मामलों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।स्कूलों और धार्मिक स्थलों के आसपास एंटी रोमियो टीम सक्रियमहिला एवं बालिका सुरक्षा के लिए एंटी रोमियो और मिशन शक्ति टीमों ने विद्यालयों, कोचिंग क्षेत्रों, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर अभियान चलाया। बालिकाओं और महिलाओं को पंपलेट वितरित कर सुरक्षा और महिला सशक्तीकरण की जानकारी दी गई। टीमों ने 100, 112, 181, 108, 1076 और साइबर हेल्पलाइन 1930 समेत विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया।नो-पार्किंग और ओवरस्पीड पर कार्रवाईयातायात पुलिस ने सुभाष चौक, गोरखपुर ओवरब्रिज, राघव नगर, जलकल रोड, न्यू कॉलोनी, साकेत नगर और शाही कटरा समेत प्रमुख स्थानों पर चेकिंग की। नो-पार्किंग में खड़े वाहनों तथा गोरखपुर ओवरब्रिज पर सड़क किनारे वाहन खड़ा कर सवारी भरने वाले वाहनों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।इंटरसेप्टर वाहन और स्पीड लेजर गन से देवरिया-सलेमपुर मार्ग पर ओवरस्पीड वाहनों की जांच की गई। अभियान में कुल 134 वाहनों का चालान किया गया, जबकि दो वाहन सीज किए गए। इनमें तेज गति समेत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 46 वाहनों पर भी कार्रवाई हुई। पुलिस ने वाहन चालकों से निर्धारित स्थान पर पार्किंग करने, सड़क पर वाहन खड़ा कर यातायात बाधित न करने और निर्धारित गति सीमा का पालन करने की अपील की। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों के उल्लंघन के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### ईस्ट जोन ताइक्वांडो चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**सुरियावां।** नगर पंचायत स्थित बीपीएमजी पब्लिक स्कूल परिसर में पांच दिवसीय ईस्ट जोन ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड के विद्यालयों के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रतियोगिता में करीब 1200 मुकाबले होने हैं।

प्रतियोगिता के तीसरे दिन करीब 450 प्रतिभागियों के बीच मुकाबले हुए। खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा और तकनीक का शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को रोमांचित कर दिया। विभिन्न मुकाबलों में खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। आयोजन के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल, विद्यालय के चेयरमैन विनय चौरसिया, प्रवीण कुमार चौरसिया, रोहित, हनुमान, फरहीन अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## स्वतंत्रता दिवस का सही मायना बताया चेयरमैन संदीप पांडेय ने, 15 बच्चों के सपनों को मिली उड़ान 15 अगस्त, 15 सपने' अभियान बना मिसाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुक्लागंज,उन्नाव।** स्वतंत्रता दिवस केवल ध्वजारोहण और देशभक्ति के नारों तक सीमित नहीं, बल्कि समाज के जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा का अवसर देकर उनके भविष्य को संवारना ही आजादी का सच्चा अर्थ है। इसी सोच को धरातल पर उतारते हुए संदेश फाउंडेशन ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर चलाए गए '15 अगस्त, 15 सपने' अभियान का भव्य समापन किया। अभियान के तहत नगर के विभिन्न विद्यालयों में पढ़ने वाले 15 जरूरतमंद बच्चों की पूरे वर्ष की फीस जमा कर उनकी शिक्षा की जिम्मेदारी उठाई गई। समापन कार्यक्रम में बच्चों को 'शिक्षा सहयोग प्रमाण पत्र' देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी मौजूद रहे। जब बच्चों के हाथों में प्रमाण पत्र पहुंचे तो उनके चेहरों पर खुशी और आंखों में भविष्य के सपनों की चमक साफ दिखाई दी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद गंगाघाट की अध्यक्षा कौमुदी पाण्डेय ने अभियान की सराहना करते हुए कहा कि किसी जरूरतमंद बच्चे की शिक्षा में सहयोग करना उसके भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदमों में से एक है। शिक्षा के माध्यम से ही बच्चों को आगे बढ़ने और अपने सपनों को साकार करने का अवसर मिलता है। फीस नहीं, 15 सपनों को मिली उड़ान संदेश फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं समाजसेवी संदीप पाण्डेय ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस मनाने का सबसे बेहतर तरीका यही है कि हम समाज के उन बच्चों के भविष्य को संवारने का प्रयास करें, जिन्हें आर्थिक परिस्थितियों के कारण शिक्षा के क्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि अभियान के तहत बच्चों की फीस भरना महज आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि उनके सपनों को आगे बढ़ाने की एक छोटी सी कोशिश है। उन्होंने कहा कि बच्चों की आंखों में अपने सपनों को पूरा करने का विश्वास देखकर यह महसूस हुआ कि आज सिर्फ 15 बच्चों की फीस नहीं भरी गई, बल्कि 15 सपनों को आगे बढ़ने का अवसर दिया गया है। 'एक बच्चा पढ़ेगा, एक परिवार आगे बढ़ेगा ' संदीप पाण्डेय ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज और राष्ट्र की मजबूत नींव है। यदि एक जरूरतमंद बच्चा शिक्षा प्राप्त कर आगे बढ़ता है तो उसका लाभ केवल उसे ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार को मिलता है। उन्होंने कहा कि 'एक बच्चा पढ़ेगा, एक परिवार आगे बढ़ेगा और मजबूत होगा हमारा भारत। ' कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने भी संदेश फाउंडेशन के इस प्रयास की सराहना की। उनका कहना था कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बच्चों की फीस का इंतजाम करना बड़ी चुनौती होता है। ऐसे में पूरे वर्ष की फीस की जिम्मेदारी उठाना उनके लिए बड़ी राहत के साथ बच्चों के भविष्य के लिए उम्मीद की किरण है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुरू हुआ यह अभियान अब शिक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी की एक ऐसी मिसाल बनकर सामने आया है, जो देशभक्ति को केवल शब्दों और समारोहों से आगे ले जाकर जरूरतमंद बच्चों के भविष्य से जोड़ता है।

## जिला अस्पताल की एक्स-रे मशीन 3 दिन से ठप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उन्नाव।** जिला अस्पताल में मरीजों को जरूरी जांच सुविधा न मिलने से भारी परेशानी हो रही है। अस्पताल की एक्स–रे मशीन पिछले तीन दिनों से खराब पड़ी है। इसके चलते डॉक्टर की सलाह के बाद भी मरीजों को जांच कराने के लिए निजी सेंटरों पर जाना पड़ रहा है। अस्पताल में रोज बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए आते हैं। इनमें ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों की संख्या सबसे अधिक होती है। हड्डी में चोट, दुर्घटना, सीने और अन्य बीमारियों में डॉक्टर अक्सर एक्स–रे कराने की सलाह देते हैं। लेकिन मशीन खराब होने की वजह से अस्पताल में यह महत्वपूर्ण सुविधा पूरी तरह बाधित है। बुधवार को भी कई मरीज घंटों इंतजार करने के बाद जब उन्हें मशीन खराब होने की जानकारी मिली तो मजबूरी में बाहर जांच कराने निकल पड़े। मरीजों का कहना है कि सरकारी अस्पताल में इलाज कराने का मकसद ही कम खर्च में बेहतर सुविधा लेना होता है। लेकिन एक्स–रे मशीन खराब होने के बाद उन्हें निजी जांच केंद्रों पर जाना पड़ रहा है। इससे जांच शुल्क के साथ–साथ आने–जाने का खर्च भी बढ़ गया है।

### सीएम ग्रिड योजना में भ्रष्टाचार का घोल, राइट्स की जांच में आगरा से लिए नमूने हुए फेल

**आगरा।** सीएम ग्रिड योजना सीवर लाइन बिछाने के दौरान प्रयोग की जा रही निर्माण सामग्री में भ्रष्टाचार हुआ है। सामग्री का प्रयोग मानकों के अनुरूप नहीं मिला है। भ्रष्टाचार के घोल का पर्दाफाश थर्ड पार्टी आडिट में रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकोनामिक सर्विस (राइट्स) की जांच में हुआ है। निर्माण सामग्री के नमूने फेल मिलने पर मंडलायुक्त नगेंद्र प्रताप सख्त हुए हैं। बसई मंडी से इंदिरापुरम चौराहा तक दो किमी लंबी रोड 42.78 करोड़ रुपये से बन रही है। मंडलायुक्त ने दोषी इंजीनियरों पर क्या कार्रवाई हुई या फिर की जा रही है, इसकी रिपोर्ट मांगी है। कार्य की गति को तेज करने के निर्देश दिए हैं। बाकी क्षेत्रों में चल रहे निर्माण कार्यों की जांच के निर्देश दिए हैं।

# भारी वर्षा एवं जलभराव के दृष्टिगत जनपद में युद्धस्तर पर राहत एवं बचाव कार्य जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** –जनपद में भारी वर्षा के कारण विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव तथा कुछ स्थानों पर सड़कों एवं संपर्क मार्गों पर आवागमन प्रभावित होने की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देशन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन द्वारा राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर संचालित किए जा रहे हैं। प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति की लगातार निगरानी करते हुए आमजन को तत्काल राहत उपलब्ध कराने के साथ जलनिकासी, सड़कों की सफाई एवं आवागमन बहाल कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध है जनपद के जिन क्षेत्रों में भारी वर्षा के कारण घरों में पानी भरने अथवा जलभराव की स्थिति उत्पन्न हुई है, वहां प्रशासन द्वारा प्रभावित परिवारों को लंच पैकेट, नाश्ता, फ्रूट पैकेट एवं अन्य आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। प्रशासन की टीमों द्वारा प्रभावित लोगों की आवश्यकताओं का आकलन करते हुए मौके पर आवश्यक सहायता पहुंचाई जा रही है।जिलाधिकारी के निर्देश पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी प्रभावित क्षेत्रों में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं तथा आवश्यकता के अनुसार संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है, ताकि

### प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री वितरण

वर्षा एवं जलभराव के कारण लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

भारी वर्षा के कारण ग्राम पंचायत डोडहर के मोखना में पुलिया बह गयी है आवागन ठप हो गया था जिसको जिला प्रशासन संज्ञान में लेकर मम्मत का कार्य प्रारम्भ है शीघ्र ही आवगम का कार्य सुचारूढंग से प्रारम्भ हो जायेगा। जनपद में भारी वर्षा के कारण जिन क्षेत्रों में सड़कों पर मिट्टी, मलबा अथवा अन्य अवरोध जमा हो गए हैं, वहां जेसीबी मशीनों के माध्यम से सफाई एवं मार्गों को सुचारु कराने का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। जिन संपर्क मार्गों पर जलभराव के कारण आवागमन में कठिनाई उत्पन्न हुई है, वहां स्थिति के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए आवागमन बहाल कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके साथ ही जिन नालियों में कचरा एवं मलबा जमा होने के कारण जलनिकासी बाधित हुई है, वहां सफाई कर्मियों एवं संबंधित कर्मचारियों द्वारा नालियों की सफाई का कार्य युद्धस्तर पर कराया जा रहा है, जिससे पानी की निकासी सुचारु हो सके और जलभराव की स्थिति को नियंत्रित किया जा सके। भारी बारिश के कारण जनपद में जहां कहीं भी सड़क, संपर्क मार्ग, पुल-पुलिया अथवा अन्य सार्वजनिक आवागमन से संबंधित संरचनाओं को क्षति पहुंची है या आवागमन प्रभावित हुआ है, वहां संबंधित विभागों द्वारा तत्काल आवश्यक कार्रवाई एवं मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। प्रशासन द्वारा ऐसे स्थानों को चिन्हित कर प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराया जा रहा है, ताकि लोगों का आवागमन शीघ्र सुचारु किया जा सके बारिश एवं संभावित जलभराव के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

# ईवीएम-वीवीपैट की जांच को लेकर 21 जिलों के अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा/लखनऊ।** आगामी विधानसभा निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारु ढंग से संपन्न कराने की तैयारियों के तहत बुधवार को गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा में ईवीएम एवं वीवीपैट की प्रथम स्तर की जांच (एफएलसी) को लेकर विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग ने की। कार्यशाला में प्रदेश के 21 जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी और एफएलसी पर्यवेक्षकों ने प्रतिभाग किया। अधिकारियों को ईवीएम-वीवीपैट की एफएलसी प्रक्रिया से जुड़ी तकनीकी और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनरों और विशेषज्ञों ने ईवीएम एवं वीवीपैट के संचालन, सुरक्षा उपायों और प्रथम स्तर की जांच की प्रक्रिया की जानकारी दी। प्रतिभागियों को मशीनों पर लाइव प्रदर्शन के साथ हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण भी कराया गया। इसके लिए कार्यशाला स्थल पर पर्याप्त संख्या में ईवीएम एवं वीवीपैट उपलब्ध कराए गए थे। ईसीआईएल के विशेषज्ञों ने मशीनों की तकनीकी संरचना और सुरक्षा विशेषताओं के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों को एफएलसी के दौरान होने वाली सामान्य त्रुटियों और उनसे बचाव के लिए आवश्यक सावधानियों से भी अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम एवं वीवीपैट के संपूर्ण जीवन चक्र के बारे में जानकारी दी गई। इसमें मशीनों का संचालन, रैंडमाइजेशन, कमीशनिंग, मतदान, मतगणना और मतगणना के बाद अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं सहित विभिन्न प्रोटोकॉल समझाए गए। वरिष्ठ अधिकारियों ने एफएलसी के दौरान तकनीकी एवं प्रशासनिक सुरक्षा उपायों के साथ अधिकारियों और मास्टर ट्रेनरों की जिम्मेदारियों पर भी प्रकाश डाला। कार्यशाला में आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, मथुरा, अलीगढ़, एटा, कासगंज, हाथरस, बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, मेरठ, बागपत, बुलंदशहर, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्धनगर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर और शामली के अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्घाटन वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग, मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा, भारत निर्वाचन आयोग के सचिव मधुसूदन गुप्ता, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी अखंड प्रताप सिंह, अवर सचिव राकेश कुमार और उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी अमित सिंह ने किया। प्रशिक्षण के अंत में प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया गया। इसके बाद प्रश्नोत्तर एवं शंका समाधान सत्र में अधिकारियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। प्रतिभागियों से घोषणा-पत्र भी प्राप्त किए गए, जिसमें उन्होंने प्रशिक्षण में बताए गए विषयों को समझने और किसी प्रकार की शंका शेष नहीं रहने की पुष्टि की। समापन अवसर पर अधिकारियों ने निर्देश दिए कि ईवीएम एवं वीवीपैट की एफएलसी से जुड़े प्रत्येक प्रक्रिया निर्धारित प्रोटोकॉल और दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी पारदर्शिता एवं सावधानी के साथ की जाए। अधिकारियों ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए एफएलसी प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

**ईसीआईएल के विशेषज्ञों ने मशीनों की तकनीकी संरचना और सुरक्षा विशेषताओं के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों को एफएलसी के दौरान होने वाली सामान्य त्रुटियों और उनसे बचाव के लिए आवश्यक सावधानियों से भी अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम एवं वीवीपैट के संपूर्ण जीवन चक्र के बारे में जानकारी दी गई।**

# वैश्विक रोजगार से जुड़ेंगे यूपी के युवा, कौशल विकास मिशन में बना 'इंटरनेशनल एम्पलॉयमेंट सेल'

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के युवाओं को देश के साथ वैश्विक रोजगार बाजार से जोड़ने के लिए योगी सरकार ने नई पहल शुरू की है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन में 'इंटरनेशनल एम्पलॉयमेंट सेल' का गठन किया गया है। यह प्रकोष्ठ विदेशों में उपलब्ध रोजगार के अवसरों की जानकारी जुटाने के साथ ही विदेशी कंपनियों की मांग के अनुरूप युवाओं को प्रशिक्षण दिलाएगा और प्रशिक्षित युवाओं को पारदर्शी तरीके से अंतरराष्ट्रीय रोजगार से जोड़ने का काम करेगा। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को उनकी योग्यता और कौशल के अनुरूप बेहतर एवं सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के युवा प्रतिभा और क्षमता के मामले में किसी से पीछे नहीं हैं। अंतरराष्ट्रीय रोजगार प्रकोष्ठ के माध्यम से प्रशिक्षित युवाओं को विदेशों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की प्रभावी व्यवस्था तैयार की जा रही है। मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत वर्तमान में 35 प्रमुख सेक्टरों में 1,300 से अधिक जॉब रोल के लिए युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब इन प्रशिक्षित युवाओं को वैश्विक रोजगार बाजार से जोड़ने पर विशेष जोर दिया जाएगा। यह पहल प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य में भी सहायक होगी। इंटरनेशनल एम्पलॉयमेंट सेल विदेश मंत्रालय में पंजीकृत भर्ती एजेंटों, सेवायोजन निदेशालय के 'मिशन रोजगार' तथा अन्य संबंधित संस्थाओं के साथ समन्वय करेगा। विदेशों में कंपनियों की ओर से उपलब्ध मानव संसाधन की मांग प्राप्त कर उसके अनुरूप प्रशिक्षित युवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। प्रकोष्ठ प्रत्येक 15 दिन में मिशन रोजगार सेल के साथ बैठक कर विभिन्न देशों और क्षेत्रों में रोजगार की नई मांग की जानकारी जुटाएगा। इसके आधार पर योग्य युवाओं का डेटाबेस तैयार कर संबंधित एजेंसियों को उपलब्ध कराया जाएगा। सेल विदेशों में भविष्य में आने वाली संभावित नौकरियों का पूर्व आकलन भी करेगा। इसकी जानकारी प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट से जुड़े प्रकोष्ठ को दी जाएगी, ताकि रोजगार की मांग के अनुरूप नए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जा सकें। इससे युवाओं को पहले से ही अंतरराष्ट्रीय बाजार की जरूरतों के अनुरूप तैयार किया जा सकेगा। इंटरनेशनल एम्पलॉयमेंट सेल इन्वेस्ट यूपी के सहयोग से विभिन्न देशों में कुशल श्रमिकों की मांग का अध्ययन भी करेगा। साथ ही कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके, लेकिन अभी तक रोजगार नहीं पाने वाले युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर विदेशों में रोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। सेल में डॉ. एम.के. सिंह, सहायक निदेशक को अध्यक्ष तथा विजय नामदेव, सहायक प्रबंधक को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। सरकार को इस पहल से प्रदेश के प्रशिक्षित युवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर खुलने की उम्मीद है।

# चकबंदी प्रक्रिया में तेजी के निर्देश, किसानों को अनावश्यक मुकदमेबाजी से मिलेगी राहत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** चकबंदी आयुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद ने चकबंदी प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, किसानों को अनावश्यक मुकदमेबाजी से बचाने और मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि चकबंदी योजना को बिना पर्याप्त कारण निरस्त कर गांवों को दोबारा प्रारंभिक स्तर पर भेजने की प्रक्रिया से किसानों की परेशानी बढ़ती है और चकबंदी कार्य में अनावश्यक विलंब होता है। साथ ही इससे मुकदमेबाजी और कानूनी जटिलताएं भी बढ़ती हैं। चकबंदी आयुक्त ने निर्देश दिए कि आपत्ति अथवा अपील की सुनवाई के दौरान संबंधित अधिकारी अपने स्तर पर चकबंदी योजना में सुधार का प्रयास करें। यदि योजना में अधिनियम की धारा-19 की शर्तों से अत्यधिक विचलन हो और उसमें सुधार संभव न हो, तभी उसे वापस प्रारंभिक स्तर पर भेजने पर विचार किया जाए। ऐसी स्थिति में सभी संबंधित खातेदारों को सुनना अनिवार्य होगा। इसके बाद जिलाधिकारी अथवा जिला उप संचालक चकबंदी की संस्तुति के साथ प्रस्ताव चकबंदी आयुक्त कार्यालय भेजना होगा। लिखित पूर्वानुमति मिलने के बाद ही प्रत्यावर्तन का आदेश पारित किया जा सकेगा।

# आईटीआई बनेंगे आधुनिक कौशल और रोजगार के केंद्र : कपिल देव अग्रवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश के युवाओं को आधुनिक कौशल, रोजगार और आत्मनिर्भरता से जोड़ने के लिए योगी सरकार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) की प्रशिक्षण व्यवस्था में व्यापक बदलाव करने जा रही है। सरकार का लक्ष्य आईटीआई को पारंपरिक प्रशिक्षण केंद्रों तक सीमित न रखते हुए आधुनिक तकनीक, नए ट्रेड और उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप कौशल एवं रोजगार के केंद्र के रूप में विकसित करना है। इसी क्रम में बुधवार को व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने लखनऊ स्थित प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय का निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय गतिविधियों का जायजा लेने के साथ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर प्रशिक्षण व्यवस्था, योजनाओं की प्रगति और युवाओं को रोजगार से जोड़ने के प्रयासों की जानकारी ली। बैठक में प्रदेश के राजकीय आईटीआई में प्रशिक्षण व्यवस्था, प्रशिक्षकों की उपलब्धता, तकनीकी संसाधनों, प्रशिक्षण की गुणवत्ता, आधुनिक ट्रेड और प्रशिक्षार्थियों को रोजगार से जोड़ने की तैयारियों पर चर्चा हुई। मंत्री ने कहा कि युवाओं के सीखने का तरीका तेजी से बदल रहा है। डिजिटल माध्यमों और नई तकनीकों का प्रभाव बढ़ रहा है, ऐसे में कौशल प्रशिक्षण को भी आधुनिक, तकनीक आधारित और रोजगारपरक बनाना जरूरी है। उन्होंने आईटीआई में डिजिटल लर्निंग और आधुनिक तकनीक के अधिकतम उपयोग के निर्देश दिए। कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि आईटीआई युवाओं के लिए बेहतर करियर और रोजगार का मजबूत माध्यम है। विद्यार्थियों में आईटीआई के प्रति आकर्षण और विश्वास बढ़ाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए। स्कूल और कॉलेजों में विद्यार्थियों को आईटीआई के आधुनिक ट्रेड, रोजगार की संभावनाओं और कौशल आधारित करियर विकल्पों की जानकारी उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि आधुनिक और रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को बढ़ावा देकर प्रशिक्षण व्यवस्था को युवाओं के लिए अधिक उपयोगी और आकर्षक बनाया जाना चाहिए। मंत्री ने कहा कि कौशल प्रशिक्षण का उद्देश्य केवल युवाओं को प्रमाणपत्र देना नहीं, बल्कि उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के योग्य बनाना है। इसके लिए आईटीआई और उद्योगों के बीच समन्वय मजबूत किया जाएगा और उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने तकनीकी दक्षता के साथ प्रशिक्षार्थियों में संवाद कौशल, व्यवहारिक दक्षता, साक्षात्कार और कार्यस्थल से जुड़ी आवश्यक क्षमताओं के विकास पर भी जोर दिया। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रदेश के आईटीआई को नई तकनीक, आधुनिक ट्रेड और उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप भविष्य के कौशल केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि हुनरमंद युवा आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी ताकत हैं। कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि आईटीआई से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाला प्रत्येक युवा अपने कौशल के माध्यम से सम्मानजनक रोजगार हासिल करे और प्रदेश की आर्थिक प्रगति में सक्रिय भागीदार बने।

# विश्वकर्मा समाज की भागीदारी के लिए कल्याण आयोग और अनाज भूनने वालों के लिए 'श्री अन्न कला बोर्ड' पर विचार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की मासिक बैठक बुधवार को इंदिरा भवन स्थित आयोग कार्यालय में अध्यक्ष राजेश वर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पिछड़ा वर्ग के कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, समाज के पारंपरिक व्यवसायों को बढ़ावा देने तथा प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल, सोहन लाल श्रीमाली सहित सदस्य मौजूद रहे। इस दौरान विश्वकर्मा समाज की सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 'विश्वकर्मा कल्याण आयोग' अथवा 'विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड' के गठन संबंधी प्रस्ताव पर विचार किया गया। विश्वकर्मा एकीकरण अभियान संस्था की ओर से नरेश पांचाल द्वारा दिए गए पत्र पर चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़ और हरियाणा में गठित संबंधित आयोगों एवं बोर्डों की व्यवस्था की जानकारी जुटाई जाएगी। आयोग के सचिव को संबंधित राज्यों से आवश्यक सूचनाएं प्राप्त कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पारंपरिक रूप से अनाज भूनने का कार्य करने वाले भुर्जी, भोजवाल और भड़भूजा समाज के लोगों के हित में 'श्री अन्न कला बोर्ड' के गठन के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। बोर्ड के माध्यम से पारंपरिक खाद्य प्रसंस्करण और कौशल को संरक्षण देने के साथ संबंधित लोगों को ऋण, अनुदान तथा बाजार उपलब्ध कराने की संभावनाओं पर विचार किया गया। अधिकारियों के अनुसार, इस पहल से पारंपरिक व्यवसाय से जुड़े लोगों को आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी। साथ ही यह 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' और 'एक जनपद-एक उत्पाद' की परिकल्पना को भी मजबूती प्रदान कर सकती है। आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित आयोग में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक पात्र व्यक्ति, विशेष रूप से पिछड़ा वर्ग के लोगों तक पहुंचाना प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में आधुनिक तकनीक का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए, ताकि पात्र लोगों को बिना किसी बाधा के सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। बैठक में पिछड़ा वर्ग के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तीकरण से जुड़े अन्य विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

**आयोग के सचिव को संबंधित राज्यों से आवश्यक सूचनाएं प्राप्त कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पारंपरिक रूप से अनाज भूनने का कार्य करने वाले भुर्जी, भोजवाल और भड़भूजा समाज के लोगों के हित में 'श्री अन्न कला बोर्ड' के गठन के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। बोर्ड के माध्यम से पारंपरिक खाद्य प्रसंस्करण और कौशल को संरक्षण देने के साथ संबंधित लोगों को ऋण, अनुदान तथा बाजार उपलध कराने की संभावनाओं पर विचार किया गया। अधिकारियों के अनुसार, इस पहल से पारंपरिक व्यवसाय से जुड़े लोगों को आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी।**

# रानी अवंती बाई लोधी की जयंती पर गूंजे जयकारे, निकली भव्य तिरंगा यात्रा

**महाराजा माहे पासी किला, नेवरना उन्नाव में सैकड़ों लोगों ने मनाई वीरांगना की जयंती, नीलमणि नरसिंहराव ने किया ध्वजारोहण।**


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**उन्नाव।** महाराजा माहे पासी किला, नेवरना में वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए और वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के शौर्य, साहस और देशभक्ति को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान नीलमणि नरसिंहराव ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद देशभक्ति के नारों के बीच भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। हाथों में तिरंगा लिए सैकड़ों लोग यात्रा में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। रानी अवंती बाई लोधी के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। लोगों ने वीरांगना के त्याग, संघर्ष और अदम्य साहस को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी ने देश और समाज के लिए साहस एवं बलिदान की मिसाल कायम की। उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रप्रेम, स्वाभिमान और संघर्ष की प्रेरणा देता है। जयंती समारोह और तिरंगा यात्रा में महिलाओं, युवाओं तथा क्षेत्र के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में लहराते तिरंगे और देशभक्ति के नारों ने पूरे माहौल को जोश और उत्साह से भर दिया। आयोजकों ने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य वीरांगनाओं और महान राष्ट्रनायकों के संघर्ष एवं योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति के नारों और रानी अवंती बाई लोधी के जयकारों के साथ हुआ।

# कासिमपुर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन, 22 को रुद्राभिषेक और 23 को होगा विशाल यज्ञ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोसाईगंज, लखनऊ।** कासिमपुर गांव स्थित झारखंडेश्वर बाबा धाम मंदिर परिसर में यज्ञ सम्राट स्वामी प्रमोदानंद महाराज के सानिध्य में श्रीमद्भागवत कथा एवं विशाल यज्ञ का आयोजन चल रहा है। कथा सुनने के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा भी निकाली गई। कथा के दौरान स्वामी प्रमोदानंद महाराज ने श्रद्धालुओं को मनुष्य के जीवन में आने वाले विभिन्न उतार-चढ़ाव और उनसे धैर्य व विवेक के साथ निकलने का संदेश दिया। उन्होंने बहन-बेटियों को विपरीत परिस्थितियों में सतर्क रहने और किसी दुष्ट व्यक्ति का सामना होने पर समझदारी से स्वयं की सुरक्षा करने के प्रति भी जागरूक किया। आयोजन समिति के अनुसार 22 अगस्त को मंदिर परिसर में भव्य रुद्राभिषेक, जबकि 23 अगस्त को दिन में विशाल यज्ञ और रात में राम जन्म के बाद कन्या पूजन का आयोजन किया जाएगा। वहीं 24 अगस्त को विशाल भंडारे का आयोजन होगा। श्रीमद्भागवत कथा के दौरान शिव भक्त और श्रद्धालु श्रद्धापूर्वक कथा का श्रवण कर रहे हैं। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से धार्मिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना से नवसृजित नगरों को मिल रही आधुनिक पहचान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में तेजी से बढ़ते शहरीकरण के बीच प्रदेश सरकार नवसृजित एवं सीमा विस्तारित नगरों को आधुनिक और सुविधायुक्त शहरी इकाइयों के रूप में विकसित कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वर्ष 2022-23 में शुरू की गई मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत इन क्षेत्रों में मूलभूत नागरिक सुविधाओं के विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है। पिछले पांच वर्षों में प्रदेश में 113 नई नगर पंचायतों का गठन तथा 127 नगरीय निकायों का सीमा विस्तार किया गया है। इन क्षेत्रों में सड़क, पेयजल, नाली, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता, पार्क और अन्य आवश्यक सुविधाओं से जुड़े विकास कार्य कराए जा रहे हैं। योजना का उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं, बल्कि नवसृजित एवं विस्तारित नगरों को सुनियोजित, व्यवस्थित और आत्मनिर्भर शहरी इकाइयों के रूप में विकसित करना है। इसके तहत सड़कों के निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण, पेयजल आपूर्ति, नाला निर्माण, मार्ग प्रकाश व्यवस्था, पार्कों के सौंदर्यीकरण, प्रमुख चौराहों के विकास, बाजारों के आधुनिकीकरण तथा कार्यालय भवनों के निर्माण जैसे कार्य कराए जा रहे हैं। शहरी विकास के साथ शिक्षा और सामाजिक अधोसंरचना को भी योजना में प्राथमिकता दी गई है। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत नवसृजित एवं सीमा विस्तारित नगर निकायों में स्थित विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में व्यापक सुधार किए गए हैं। विद्यालयों में भवन, पेयजल, शौचालय, फर्नीचर और बिजली जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराकर बच्चों के लिए बेहतर शिक्षण वातावरण तैयार किया जा रहा है।

# तीन सड़कों के निर्माण की मांग को लेकर किसानों का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नगराम।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को कुबहरा सामुदायिक मिलन केंद्र पर क्षेत्र की तीन प्रमुख सड़कों के निर्माण की मांग को लेकर किसानों ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। धरने में कुबहरा, कमलापुर, विचिलखा, नेवाजखेड़ा, समेसी, तमोरिया समेत आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीण पहुंचे। किसानों ने बताया कि क्षेत्र के तीन महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग लंबे समय से निर्माण की बाट जोह रहे हैं। इनमें कुबहरा से कमलापुर होते हुए विचिलखा माइनर तक कच्चे मार्ग का निर्माण, नगराम-खुजौली मार्ग स्थित टिकरा चौराहे से नेवाजखेड़ा खड़ंजा मार्ग का निर्माण तथा नगराम-निगोहां मार्ग पर पुलिस चौकी से रामबक्सखेड़ा तक सड़क का डामरीकरण प्रमुख हैं। किसानों का आरोप है कि सड़क निर्माण को लेकर लंबे समय से विभागीय अधिकारियों की ओर से आश्वासन दिए जा रहे हैं, लेकिन धरातल पर काम शुरू नहीं हुआ।

नगराम-निगोहां मार्ग पर पुलिस चौकी से रामबक्सखेड़ा तक सड़क के डामरीकरण में वन विभाग की आपत्ति के चलते पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्माण नहीं कराया जा रहा है। धरने की सूचना पर वन विभाग के सहायक वन अधिकारी देवेश कुमार मौके पर पहुंचे और किसानों से वार्ता की।

# एवियान लक्स सेरेनिटी में 'धरोहर' मिलेट्स फूड फेस्टिवल का आगाज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में द एवियान लक्स सेरेनिटी स्थित मिनिस्ट्री ऑफ क्यूज़ीन (MOC) में 'धरोहर - द लॉन्गेविटी एंड मिलेट्स फेस्ट' का भव्य आगाज हो गया है। 17 अगस्त से शुरू हुआ यह विशेष मिलेट फूड फेस्टिवल 30 अगस्त 2026 तक चलेगा। फेस्टिवल में मेहमानों को मिलेट्स और पारंपरिक अनाजों से तैयार स्वादिष्ट एवं पौष्टिक व्यंजनों का अनूठा अनुभव कराया जा रहा है। फेस्टिवल का आयोजन प्रतिदिन शाम 7 बजे से किया जा रहा है। बदलती जीवनशैली और हेल्थ-कॉन्शियस डाइनिंग की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए मिलेट्स से तैयार व्यंजनों को आधुनिक पाक कला और आकर्षक प्रस्तुति के साथ पेश किया जा रहा है। फेस्टिवल के माध्यम से स्वाद, सेहत और भारतीय खानपान की समृद्ध परंपरा को एक मंच पर लाने का प्रयास किया गया है। पारंपरिक अनाजों को आधुनिक कुकिंग तकनीकों के साथ जोड़कर तैयार किए गए विशेष व्यंजन मेहमानों के बीच खास आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। द एवियान लक्स सेरेनिटी के जनरल मैनेजर आकाश सिंह राठौर ने कहा कि 'धरोहर' सिर्फ एक फूड फेस्टिवल नहीं, बल्कि पारंपरिक खाद्य विरासत और स्वस्थ जीवनशैली को सेलिब्रेट करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि मिलेट्स और प्राचीन अनाज भारतीय खाद्य संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं और इन्हें आधुनिक स्वाद एवं प्रस्तुति के साथ लोगों तक पहुंचाना इस आयोजन का उद्देश्य है। असिस्टेंट फूड एंड बेवरेज मैनेजर सुनीत कुमार सिंह ने बताया कि फेस्टिवल के मेन्यू में मिलेट्स को विशेष रूप से केंद्र में रखा गया है। पारंपरिक अनाजों से तैयार व्यंजनों में स्वाद और आधुनिक प्रस्तुति के संतुलन पर विशेष ध्यान दिया गया है, ताकि मेहमानों को कुछ नया और यादगार अनुभव मिल सके। वहीं, एग्जीक्यूटिव शेफ गौरीश सिंह ने कहा कि व्यंजन तैयार करते समय मिलेट्स और पारंपरिक अनाजों की प्राकृतिक खूबियों को ध्यान में रखा गया है।


## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विजय प्रताप सिंह पुत्र श्री शिव शंकर सिंह को उनकी संपत्ति एक किता व्यापारिक दुकान रकबा 35 वर्ग फुट स्थित ग्राउंड फ्लोर भवन संख्या 332/ 32 जौहरी मोहल्ला वार्ड अशरफाबाद लखनऊ है उक्त संपत्ति की पूर्ण श्रृंखला से संबंधित मूल विक्रय पत्र दिनांक 16. 06.2005 को पुस्तक संख्या 1 खण्ड 2436 पृष्ठ 121/142 क्रम संख्या 4372 जो कि तरु रस्तोगी पत्नी अतुल कुमार रस्तोगी के पक्ष मे निष्पादित हैं। जिसकी मूल प्रति कहीं खो गई है और काफी तलाश के बाद भी नहीं मिल पायी है। जिसकी सूचना प्रेषित की जा रही है।



## ग्राम पंचायत मोहकमपुर (जरवा) विकास खंड गैसड़ी जनपद बलरामपुर

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत मोहकमपुर (जरवा) में मनरेगा व राज्य वित्त योजना से कराये जाने वाले विकास कार्य हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है। मोहकमपुर (जरवा) में आर जी एस ए योजनान्तर्गत अंत्येष्टि स्थल का निर्माण होना है। इसके निर्माण कार्य हेतु निर्माण कार्य में प्रयोग होने वाले सामाग्री ईट गिट्टी, ईट, सीमेंट, बालू, मोरंग, इंटरलिंकिंग ईट आदि की आपूर्ति किया जाना है निर्माण हेतु सामग्री आपूर्ति इच्छुक निविदा दाताओं से निविदा कोटेशन पंजीकृत टैक्स प्रदाता फर्म से आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 20-08-2026 से 22-08-2026-समय 2 बजे तक निविदा पत्र प्राप्त एवं जमा की जाएगी निविदा/ कोटेशन दिनांक 22-08-2026 को शाम 3 बजे ग्राम पंचायत मोहकमपुर (जरवा) के ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रशासनिक निर्माण कार्य समिति की उपस्थिति में खोली जाएगी। निविदा कोटेशन स्वीकृति / अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगी क्रय की जाने वाली सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक होगी निविदा कोटेशन वित्तीय वर्ष 2026-27 में कराए जाने वाले विकास कार्यों में प्रभावी रहेगी।

**शकीला ग्राम पंचायत प्रशासक**
**ग्राम पंचायत मोहकमपुर**
**(जरवा) विकास खंड गैसडी**
**जनपद बलरामपुर**

**अमित वर्मा**
**ग्राम पंचायत अधिकारी विकास**
**खंड गैसड़ी जनपद बलरामपुर**

# संपादकीय

## एक खत्म, दूसरा शुरू

झारखंड में करीब 25 दिन तक चले छात्र आंदोलन के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को विवादित कंपनी टीडीपीएल के संचालन में हुई जेपीएससी-14, जेएसएससी-सीजीएल की परीक्षाओं को रद्द करने की घोषणा की। साथ ही घोषणा कर दी कि जेपीएससी 11 व 13 की भी जांच की जाएगी। इसके अलावा परीक्षाओं के घोषित परिणाम भी रद्द करने का ऐलान कर दिया गया। यानी टीडीपीएल के माध्यम से जो भी अभ्यर्थी चुने गए, उनका चयन भी रद्द कर दिया गया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने सचिवालय में ग्यारह मंत्रियों के साथ इस मुद्दे पर व्यापक विमर्श किया। छात्र आंदोलन के दबाव में काम कर रही राज्य सरकार की कैबिनेट बैठक करीब साढ़े चार घंटे तक चली। दरअसल, छात्रों के कई खेमे अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत थे। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार जिन परीक्षाओं को रद्द किया गया,उनमें चौदहवीं जेपीएससी सिविल सेवा रेगुलर, जेपीएससी बैकलॉग 2023, जेपीएससी बैकलॉग 2025, फॉरेस्ट रेंज अफसर, सहायक वन संरक्षक और सिविल जूनियर आदि की नियुक्तियां शामिल हैं। दरअसल, इन परीक्षाओं का संचालन जेपीएससी के माध्यम से किया गया। वहीं दूसरी ओर सीजीएल परीक्षा से चयनित 1975 लोगों की नौकरियां भी अब समाप्त मानी जाएंगी। सरकार ने वायदा किया है कि वर्ष 2014 के बाद हुई सभी नियुक्ति परीक्षाओं की जांच भी की जाएगी। यह जांच कार्य एक न्यायिक आयोग करेगा। बाकायदा एक आईएएस अधिकारी की अध्यक्षता में सुधारों के लिये एक कमेटी भी बनायी गई है। हालांकि, कुछ आंदोलनकारी छात्र सीबीआई जांच की मांग पर अड़े हैं। हालांकि, सरकार की घोषणा के बाद छात्रों का आंदोलन तो खत्म हो गया, लेकिन इस घोषणा के बाद सचिवालय परिसर में उन नियुक्त प्रतिभागियों की भीड़ जुट गई, जो जेएसएससी के माध्यम से परीक्षा उतीर्ण करके नौकरी हासिल कर चुके थे। सरकार की घोषणा के तुरंत बाद विभिन्न चयनित प्रतिभागियों का हुजूम सचिवालय में जमा होना शुरू हुआ। उनके लिये यह खबर स्तब्ध करने वाली थी। उनका दुख और गुस्सा स्वाभाविक ही है। बहरहाल, अब राज्य सरकार के खिलाफ झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा में चयनित होने के बाद हटाये गए लोगों ने मोर्चा खोल दिया है। उनका कहना था कि मुख्यमंत्री एक बयान देकर दो हजार लोगों को सरकारी नौकरी से कैसे निकाल सकते हैं? वे इसे सरकारी अन्याय बता रहे हैं। उनकी दलील है कि हम सुबह नौकरी पर थे,लेकिन शाम होते ही हमें नौकरी से हटा दिया गया। उनका कहना था कि कोर्ट के आदेश के बाद ही हमें नौकरी मिली है। उल्लेखनीय है कि जेएसएससी-सीजीएल की परीक्षा दिसंबर 2023 में आयोजित हुई थी। लेकिन पेपर लीक होने के बाद परीक्षा सितंबर 2024 में फिर से हुई। फिर पेपर लीक की आशंका के बीच मामला अदालत पहुंचा। कोर्ट के आदेश के बाद परीक्षा परिणाम घोषित किया गया था। साथ ही तीस दिसंबर को सफल प्रत्याशियों को बाकायदा नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र दे दिए गए। अब सरकार द्वारा ये नियुक्तियां रद्द करने से प्रतिभागी बदहवास हैं क्योंकि कई लोगों ने लोन लेकर अपना जीवन स्तर सुधारा, उनकी बैंक की किश्तें जा रही हैं। अब उनकी आंखों के सामने अंधेरा है। उनकी मांग है कि सरकार कायदे से जांच कर ले, लेकिन उन्हें नौकरी से न हटाए। सभी लोग धांधली से भर्ती नहीं हुए हैं। उनका तर्क है कि भीड़ के दबाव में निर्दोष लोगों को सजा नहीं दी जा सकती। हटाये गए कर्मचारियों की आंखें नम हैं। उनमें कई लोग ऐसे हैं जो अपनी दूसरी नौकरियां छोड़कर सरकारी नौकरी के प्रलोभन में आए। दुखी व हताश हटाये गए कर्मचारी बारिश में धरने पर बैठे रहे क्योंकि उन्हें अधिकारियों ने सचिवालय से बाहर कर दिया था। वहीं दूसरी ओर हटाए गए कर्मियों के घर वाले भी सदमे में हैं। राज्य सरकार भी मुश्किल में है क्योंकि सीबीआई जांच की मांग कर रहे छात्रों की दलील है कि उनका आंदोलन अभी समाप्त नहीं हुआ है। वहीं सरकार के सामने हटाये गए अधिकारियों व कर्मचारियों का नया मोर्चा खुल गया है। हटाये गए कर्मचारी इस फैसले के खिलाफ कानूनी लड़ाई की तैयारी कर रहे हैं। वे सरकार के लिखित आदेश की प्रतीक्षा में हैं।

# शुद्धता का अंत, मिलावट का स्वर्णकाल



डॉ. विजय गर्ग

कभी शुद्धता को दैनिक जीवन का एक बुनियादी गुण माना जाता था। चाहे बात भोजन की हो, दवाइयों की, पानी की या घरेलू उपयोग की वस्तुओं की—लोगों को विश्वास होता था कि वे जो कुछ खरीद रहे हैं, वह असली, सुरक्षित और हानिकारक पदार्थों से मुक्त होगा। लेकिन आज बढ़ती मिलावट की समस्या एक चिंताजनक सवाल खड़ा करती है: क्या हम शुद्धता के अंत और मिलावट के स्वर्णकाल की ओर बढ़ रहे हैं? मिलावट केवल उपभोक्ताओं के साथ धोखा नहीं है। यह जनस्वास्थ्य, आर्थिक न्याय और सामाजिक विश्वास के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। जब भोजन या अन्य उत्पादों में जानबूझकर घटिया अथवा अवांछित पदार्थ मिलाए जाते हैं, तो तत्काल उद्देश्य अधिक मुनाफा कमाना हो सकता है, लेकिन इसकी दीर्घकालिक कीमत पूरे समाज को चुकानी पड़ती है। भोजन विशेष रूप से मिलावट के प्रति संवेदनशील है। दूध, मसाले, खाद्य तेल, मिठाइयाँ, अनाज, दालें और रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाली अनेक वस्तुएँ मिलावट का शिकार हो सकती हैं। आकर्षक पैकेजिंग और आधुनिक मार्केटिंग किसी उत्पाद की गुणवत्ता का प्रभाव पैदा कर सकती है, लेकिन वास्तविक सामग्री कुछ और कहानी बता सकती है। आम उपभोक्ता के पास न तो प्रयोगशाला की सुविधाएँ होती हैं और न ही प्रत्येक उत्पाद की गुणवत्ता की जाँच करने का तकनीकी ज्ञान। समस्या तब और गंभीर हो जाती है जब मिलावट आवश्यक वस्तुओं में हो। भोजन खरीदने वाला व्यक्ति पोषण की अपेक्षा करता है, किसी अदृश्य स्वास्थ्य जोखिम की नहीं। इसी तरह दवा खरीदने वाला मरीज उपचार की उम्मीद करता है, उसकी गुणवत्ता को लेकर अनिश्चितता की नहीं। इसलिए उत्पादक और उपभोक्ता के बीच विश्वास अत्यंत महत्वपूर्ण है। मिलावट लगातार क्यों बढ़ रही है? इसके पीछे सबसे बड़े कारणों में से एक मुनाफा है। जब गलत तरीके उत्पादन लागत को कम कर देते हैं या किसी उत्पाद की मात्रा को बढ़ा हुआ दिखाते हैं, तो बेईमान कारोबारी उन लोगों की तुलना में अधिक लाभ कमा सकते हैं जो गुणवत्ता के मानकों को बनाए रखते हैं। कमजोर निगरानी, उपभोक्ताओं में सीमित जागरूकता और अपर्याप्त परीक्षण व्यवस्था इस समस्या को और बढ़ा सकती है। तकनीक इस मामले में चुनौती भी है और अवसर भी। आधुनिक प्रयोगशालाएँ अनेक प्रकार की मिलावट का अत्यंत सटीक पता लगा सकती हैं। पोर्टेबल परीक्षण उपकरण, डिजिटल ट्रेसेबिलिटी, बेहतर पैकेजिंग तकनीक और डेटा आधारित निरीक्षण प्रणालियाँ आपूर्ति श्रृंखला को अधिक पारदर्शी बना सकती हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भी उत्पादन, वितरण और उपभोक्ता शिकायतों में असामान्य पैटर्न की पहचान करने में नियामक संस्थाओं की सहायता कर सकती है। लेकिन केवल तकनीक इस समस्या का समाधान नहीं कर सकती। व्यापार के केंद्र में नैतिकता का होना आवश्यक है। कोई भी कानून या नियम पूरी तरह ईमानदारी का स्थान नहीं ले सकता। व्यवसायियों को समझना होगा कि मिलावट से प्राप्त अल्पकालिक लाभ जनस्वास्थ्य को नुकसान पहुँचा सकता है, उपभोक्ताओं का विश्वास नष्ट कर सकता है और अंततः पूरे उद्योग की प्रतिष्ठा को प्रभावित कर सकता है। उपभोक्ताओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। जागरूकता बचाव की पहली सीढ़ी है। लोगों को विश्वसनीय स्रोतों से उत्पाद खरीदने चाहिए, लेबल और समाप्ति तिथि की जाँच करनी चाहिए, असामान्य रूप से सस्ते उत्पादों से सावधान रहना चाहिए और मिलावट का संदेह होने पर संबंधित अधिकारियों को सूचित करना चाहिए। उपभोक्ता शिक्षा को जनस्वास्थ्य शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया जाना चाहिए। सरकारों को खाद्य और अन्य उत्पादों की परीक्षण व्यवस्था को मजबूत करना चाहिए, निरीक्षण बढ़ाने चाहिए, जानबूझकर मिलावट करने वालों के लिए प्रभावी दंड सुनिश्चित करना चाहिए और परीक्षण सुविधाओं को आम लोगों के लिए अधिक सुलभ बनाना चाहिए। विशेष रूप से उन मिलावटी गतिविधियों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए जो उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुँचा सकती हैं। स्कूल और शैक्षणिक संस्थान भी इसमें योगदान दे सकते हैं। बच्चों को केवल अकादमिक विषय ही नहीं, बल्कि लेबल पढ़ने, खाद्य सुरक्षा समझने और भ्रामक दावों को पहचानने जैसे व्यावहारिक कौशल भी सिखाए जाने चाहिए। एक जागरूक उपभोक्ता शोषण का शिकार होने की संभावना को काफी कम कर सकता है। गहराई से देखें तो समस्या केवल भोजन में मिलावट की नहीं है। यह विश्वास में मिलावट की भी समस्या है। जब लोग अपनी खरीदी जाने वाली हर वस्तु की गुणवत्ता पर संदेह करने लगते हैं, तो सामाजिक विश्वास कमजोर होने लगता है। ईमानदार उत्पादक नुकसान में रहते हैं, उपभोक्ता चिंतित होते हैं और व्यापार तथा समाज के बीच संबंध धीरे-धीरे केवल लेन-देन तक सीमित होने लगता है। इसलिए 'मिलावट का स्वर्णकाल' किसी उपलब्धि का उत्सव नहीं, बल्कि एक चेतावनी है। यदि मुनाफा जिम्मेदारी पर हावी होता रहा तो शुद्धता धीरे-धीरे सामान्य नियम के बजाय एक अपवाद बन सकती है। समाज के सामने वास्तविक चुनौती इस प्रवृत्ति को उलटने की है। हमें ऐसी संस्कृति विकसित करनी होगी जिसमें गुणवत्ता का सम्मान हो, ईमानदारी को प्रोत्साहन मिले और मिलावट को कोई चतुर व्यावसायिक तरीका नहीं, बल्कि जनविश्वास का अस्वीकार्य उल्लंघन माना जाए। शुद्धता विलासिता नहीं बननी चाहिए। यह हर व्यक्ति का अधिकार बनी रहनी चाहिए। सुरक्षित भोजन, विश्वसनीय उत्पादों और स्वस्थ समाज का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम मिलावट को बढ़ने देते हैं या अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं की ईमानदारी और शुद्धता को पुनः स्थापित करने का संकल्प लेते हैं।

# पेपर लीक से पटना राजभवन तक, छात्रों के गुस्से में छिपी राजनीति का सच

बिहार की राजनीति में छात्रों, परीक्षा और रोजगार का मुद्दा एक बार फिर सड़क पर है। बुधवार को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनता दल ने पटना में जेपी गोलंबर से राजभवन तक मार्च निकाला। करीब पांच किलोमीटर के इस मार्च में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। रास्ते में बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश हुई, पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया और बाद में तेजस्वी यादव तथा मीसा भारती को हिरासत में लिया गया। करीब एक घंटे बाद तेजस्वी को छोड़ दिया गया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच धक्का-मुक्की तथा कुछ कार्यकर्ताओं द्वारा पुलिस की ओर पानी की बोतलें फेंके जाने की घटनाएं भी सामने आईं। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम को केवल एक राजनीतिक मार्च के रूप में देखना अधूरा होगा। इसके पीछे बिहार के छात्रों का असंतोष, प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर उठते सवाल, रोजगार की चिंता और उससे कहीं बड़ी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा छिपी हुई है। असली सवाल यही है कि आखिर पेपर लीक और परीक्षा में कथित अनियमितताओं का मुद्दा हर राजनीतिक दल इतनी ताकत से क्यों उठा रहा है? क्या यह केवल छात्रों के भविष्य की चिंता है या इसके पीछे चुनावी राजनीति का भी बड़ा गणित काम कर रहा है? सीवान में छात्र प्रदर्शन के दौरान पुलिस की ओर से एके-47 से फायरिंग का मामला इस बहस को और गंभीर बना चुका है। उपलब्ध घटनाक्रम के अनुसार 25 जुलाई को प्रदर्शन के दौरान एक पुलिसकर्मी ने एके-47 से गोलियां चलाईं। एक अन्य जवान के सर्विस रिवॉल्वर से फायरिंग करने की बात भी सामने आई। इसके बाद मामला राजनीतिक विवाद का विषय बन गया। राजद सांसद मनोज झा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की। संबंधित पुलिसकर्मी को निलंबित किया गया और बाद में प्रशासनिक स्तर पर भी बदलाव हुए। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामे में एके-47 से चार राउंड हवाई फायरिंग होने की बात स्वीकार की, लेकिन यह भी कहा कि छात्रों को एके-47 की गोली नहीं लगी। यहीं से मामले का सबसे बड़ा सस्पेंस सामने आता है। एक तरफ पुलिस फायरिंग की घटना स्वीकार की जाती है, दूसरी तरफ सरकार का कहना है कि छात्रों को गोली नहीं लगी। राजनीतिक दल इसे छात्रों पर गोली चलाने की घटना के रूप में पेश कर रहे हैं, जबकि सरकार फायरिंग को अलग संदर्भ में रख रही है। इसी अंतर ने मामले को केवल कानून-व्यवस्था का प्रश्न नहीं रहने दिया, बल्कि इसे सरकार और विपक्ष के बीच राजनीतिक संघर्ष का मुद्दा बना दिया है। तेजस्वी यादव का राजभवन मार्च इसी राजनीतिक माहौल का विस्तार है। उन्होंने छात्रों के समर्थन में संघर्ष जारी रखने और युवाओं को रोजगार मिलने तक सरकार के खिलाफ आवाज उठाने की बात कही। उनका यह कहना कि वे जेल से डरने वाले नहीं हैं और सत्ता में आया व्यक्ति एक दिन सत्ता से बाहर जाता है, बताता है कि आंदोलन को राजद केवल छात्र मुद्दे तक सीमित नहीं रखना चाहता। पार्टी इसे सरकार की कार्यशैली, रोजगार और शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ व्यापक राजनीतिक अभियान में बदलना चाहती है।

दूसरी ओर, सत्ता पक्ष के लिए यह मुद्दा कम चुनौतीपूर्ण नहीं है। बिहार में युवाओं की बड़ी आबादी प्रतियोगी परीक्षाओं और सरकारी नौकरियों पर निर्भर रहती है। परीक्षा की तारीखों में बदलाव, कथित पेपर लीक, नकल, भर्ती प्रक्रिया में देरी या परीक्षा की निष्पक्षता पर सवाल सीधे युवा मतदाता की चिंता से जुड़ते हैं। इसलिए किसी भी राजनीतिक दल के लिए इस वर्ग की नाराजगी को नजरअंदाज करना आसान नहीं है। यही वह जगह है जहां पेपर लीक का मुद्दा राजनीतिक रूप से बेहद ताकतवर बन जाता है। छात्र जब परीक्षा में बैठता है तो उसके सामने केवल एक प्रश्नपत्र नहीं होता, बल्कि वर्षों की मेहनत, परिवार की उम्मीद और नौकरी पाने का सपना होता है। यदि उसे लगता है कि परीक्षा की व्यवस्था निष्पक्ष नहीं है, तो उसकी नाराजगी स्वाभाविक रूप से सरकार की ओर जाती है। विपक्ष इसी नाराजगी को राजनीतिक आवाज देता है। लेकिन कहानी का दूसरा पहलू भी उतना ही महत्वपूर्ण है। विपक्ष के लिए पेपर लीक और रोजगार का मुद्दा सरकार को घेरने का सबसे प्रभावी हथियार है, क्योंकि इसमें जाति, क्षेत्र या पार्टी की विचारधारा से ज्यादा युवा का भविष्य केंद्र में दिखाई देता है। सरकार के लिए यही मुद्दा सबसे संवेदनशील इसलिए है क्योंकि प्रशासनिक व्यवस्था की किसी भी कमी का राजनीतिक नुकसान सीधे युवाओं के बीच हो सकता है। यही कारण है कि पेपर लीक का मुद्दा एक परीक्षा केंद्र से निकलकर विधानसभा, संसद, सड़क और अब राजभवन तक पहुंच जाता है। इस राजनीति में छात्रों की वास्तविक परेशानी और राजनीतिक दलों का हित एक-दूसरे से अलग नहीं हैं। छात्र न्याय और पारदर्शिता चाहते हैं, जबकि राजनीतिक दल उसी मांग को अपने पक्ष में जनसमर्थन जुटाने के लिए इस्तेमाल करते हैं। समस्या तब पैदा होती है जब राजनीतिक बयानबाजी असली समाधान से बड़ी हो जाती है। यदि किसी परीक्षा में गड़बड़ी हुई है तो उसकी निष्पक्ष जांच, दोषियों की पहचान, समयबद्ध कार्रवाई और प्रभावित अभ्यर्थियों के भविष्य की स्पष्ट व्यवस्था होनी चाहिए। केवल आरोप-प्रत्यारोप से छात्रों की समस्या हल नहीं होगी। पटना के मार्च ने यह भी दिखाया कि राजनीतिक प्रदर्शन का असर आम जनता पर पड़ता है। मार्च के कारण शहर के कई प्रमुख रास्तों पर यातायात बाधित हुआ और जाम में एंबुलेंस के फंसने की तस्वीरें सामने आईं। लोकतंत्र में विरोध प्रदर्शन अधिकार है, लेकिन उस अधिकार के साथ सार्वजनिक व्यवस्था की जिम्मेदारी भी जुड़ी होती है। सरकार को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकार का सम्मान हो और पुलिस कार्रवाई आवश्यकता से अधिक कठोर न हो। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे महत्वपूर्ण सवाल किसी एक पार्टी की जीत या हार का नहीं है। सवाल यह है कि क्या बिहार का युवा परीक्षा व्यवस्था पर भरोसा कर सकता है? क्या उसे यह विश्वास है कि उसकी मेहनत का परिणाम निष्पक्ष तरीके से मिलेगा? और क्या सरकार तथा विपक्ष दोनों इस सवाल का राजनीतिक जवाब देने के बजाय प्रशासनिक समाधान देने को तैयार हैं? पेपर लीक का मुद्दा इसलिए बार-बार लौट रहा है क्योंकि यह केवल प्रश्नपत्र की सुरक्षा का मामला नहीं है। यह व्यवस्था में विश्वास का सवाल है। जब तक परीक्षा प्रक्रिया पारदर्शी, तकनीकी रूप से सुरक्षित और जवाबदेह नहीं बनेगी, तब तक हर नई परीक्षा के साथ पुराने सवाल फिर खड़े होंगे। विपक्ष उन्हें सरकार के खिलाफ उठाएगा, सरकार अपने बचाव में जवाब देगी और सबसे ज्यादा असमंजस में वही छात्र रहेगा जिसने महीनों या वर्षों तक तैयारी की है। बिहार में राजभवन मार्च ने फिलहाल राजनीतिक तापमान बढ़ा दिया है। तेजस्वी यादव ने इसे छात्रों और युवाओं की लड़ाई बताया है, जबकि सरकार के सामने कानून-व्यवस्था और परीक्षा व्यवस्था दोनों को लेकर सवाल हैं। सीवान की फायरिंग ने इस विवाद को और गंभीर बना दिया है। अब जनता की नजर केवल राजनीतिक भाषणों पर नहीं, बल्कि जांच और कार्रवाई के परिणाम पर होगी। इस पूरे विवाद का पर्दाफाश यही है कि पेपर लीक आज राजनीति का सुविधाजनक मुद्दा जरूर बन गया है, लेकिन इसकी जड़ में युवाओं की वास्तविक बेचैनी है। राजनीतिक दल इस बेचैनी को अपने-अपने तरीके से इस्तेमाल कर सकते हैं, मगर इसका स्थायी समाधान राजनीति से नहीं, विश्वसनीय व्यवस्था से निकलेगा। जिस दिन बिहार का छात्र बिना किसी संदेह के परीक्षा केंद्र में बैठेगा कि उसकी मेहनत किसी सिफारिश, लापरवाही या गड़बड़ी से हार नहीं सकती, उसी दिन पेपर लीक की राजनीति की जमीन कमजोर होगी। तब तक सड़क पर आंदोलन भी होंगे, राजभवन मार्च भी होंगे और सत्ता तथा विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप भी जारी रहेंगे।


**कांतिलाल मांडोत**

# अगर बाल रूखे और बेजान हैं, तो लगाएं मेथी के दाने से बना हेयर मास्क, हफ्ते भर में दिखेगा फर्क



मेथी के दाने हमारी रसोई में बहुत आम हैं। इनका इस्तेमाल सब्जियों, दाल और दूसरी चीजों में स्वाद बढ़ाने के लिए किया जाता है। लेकिन यही छोटे-छोटे दाने बालों की देखभाल में भी काम आ सकते हैं। खासकर जब बाल रूखे, बेजान या कमजोर नजर आने लगें, तब मेथी से बना लेप एक समाधान हो सकता है। इसमें कुछ ऐसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो बालों और सिर की त्वचा के लिए मददगार होते हैं। मेथी में प्रोटीन बेहतर मात्रा में पाया जाता है। इसके बीजों में प्रोटीन और कई अमीनो एसिड पाए जाते हैं। बालों का मुख्य ढांचा ही केराटिन नाम के प्रोटीन से बना होता है। इसलिए बालों की अच्छी सेहत के लिए शरीर को पर्याप्त प्रोटीन मिलना जरूरी है। मेथी खाने से मिलने वाला प्रोटीन शरीर के पोषण में मदद करता है। वहीं, मेथी का लेप बालों पर लगाने से बालों की सतह मुलायम और बेहतर महसूस होती है। मेथी की एक खासियत यह भी है कि इसमें गैलेक्टोमैनन नाम का घुलनशील रेशा भी होता है। पानी में भिगोने के बाद मेथी के दाने चिपचिपे हो जाते हैं। यही चिपचिपापन मेथी के पेस्ट को बालों पर एक हल्की परत बनाने में मदद करता है। यह परत बालों में नमी को बनाए रखने में मदद कर सकती है। इसी वजह से मेथी का इस्तेमाल करने के बाद रूखे बाल ज्यादा मुलायम लगते हैं। मेथी में आयरन, कैल्शियम, विटामिन और निकोटिनिक एसिड जैसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं। आयरन शरीर के लिए जरूरी है और इसकी कमी होने पर बाल झड़ने की समस्या पैदा होती है। लेकिन सिर पर मेथी का पेस्ट लगाने से शरीर में आयरन की कमी पूरी नहीं होगी। इसके लिए डाइट में आयरन से भरपूर चीजों को शामिल करना पड़ेगा। अब बात करते हैं इसे इस्तेमाल करने के तरीके की। मेथी के दानों को रातभर पानी में भिगोकर रखना सबसे आसान तरीका है। सुबह पानी निकालकर दानों को पीस लें। इससे गाढ़ा और चिपचिपा लेप तैयार हो जाएगा। इसे बाल धोने से पहले सिर की त्वचा और बालों की लंबाई पर लगाए। करीब 20 से 30 मिनट बाद बालों को सामान्य तरीके से धो लें। भिगोने की वजह से मेथी नरम हो जाती है और उसका चिपचिपा हिस्सा बाहर आता है, जो बालों को मुलायम बनाने में मदद करता है। अगर बाल बहुत रूखे हैं, तो मेथी के लेप में थोड़ा नारियल तेल मिलाए। नारियल तेल बालों को मुलायम बनाने और उनकी सतह पर नमी बनाए रखने में मदद करता है। मेथी का इस्तेमाल करते समय सावधानी भी जरूरी है। पहली बार लगाने से पहले थोड़ी मात्रा त्वचा के छोटे हिस्से पर लगाकर देख लें। अगर जलन, खुजली या लाल चकत्ते हों तो इसका इस्तेमाल न करें।

# फ्लू को हल्के में न लें, बीमारी के दौरान इन गलतियों से बचें



मौसम बदलने के साथ सर्दी, खांसी और बुखार जैसी परेशानियां आम हो जाती हैं। इन्हीं में से एक है फ्लू। यह एक तरह का वायरस से होने वाला संक्रमण है, जो नाक और गले के साथ-साथ फेफड़ों पर भी असर डालता है। कई बार फ्लू के लक्षण इतने सामान्य होते हैं कि लोग इसे मामूली सर्दी-जुकाम समझ लेते हैं और अपनी मर्जी से दवाएं लेने लगते हैं। यही छोटी-छोटी गलतियां कई बार बीमारी को बढ़ा सकती हैं। फ्लू होने पर शरीर को वायरस से लड़ने के लिए आराम, पानी और अच्छे खाने की जरूरत होती है। ऐसे में कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। फ्लू में अचानक बुखार आ सकता है। इसके साथ खांसी, गले में दर्द, सिरदर्द, शरीर में दर्द और बहुत ज्यादा थकान महसूस हो सकती है। कुछ लोगों को भूख भी कम लगती है। आम तौर पर कई लोग घर पर आराम करने से ठीक हो जाते हैं, लेकिन हर व्यक्ति की हालत एक जैसी नहीं होती। अगर बुखार बहुत ज्यादा हो, सांस लेने में परेशानी हो, सीने में दर्द हो, बहुत ज्यादा कमजोरी महसूस हो या तबीयत लगातार बिगड़ती जाए तो डॉक्टर से सलाह लेनी जरूरी है। छोटे बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और पहले से किसी बीमारी से परेशान लोगों को फ्लू में खास सावधानी रखनी चाहिए। फ्लू के दौरान बुखार आने और पसीना निकलने से शरीर में पानी कम हो सकता है। बीमारी में कई लोगों को पानी पीने का मन कम करता है। ऐसे में शरीर में पानी की कमी हो सकती है और कमजोरी ज्यादा महसूस हो सकती है। इसलिए दिनभर थोड़ा-थोड़ा पानी पीते रहें। सूप, नारियल पानी और दूसरे तरल पदार्थ भी लिए जा सकते हैं। अगर उल्टी या दस्त भी हो रहे हैं तो शरीर में पानी और नमक की कमी जल्दी हो सकती है। ऐसी स्थिति में डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी है। चाय और कॉफी को पानी का विकल्प न बनाएं। शरीर को सबसे ज्यादा जरूरत सामान्य पानी और दूसरे सही तरल पदार्थों की होती है। फ्लू होने पर शरीर अंदर से वायरस से लड़ रहा होता है। इसलिए उस समय ज्यादा काम करने से थकान बढ़ सकती है। अगर बुखार और शरीर में दर्द है तो आराम करना ज्यादा जरूरी है। पर्याप्त नींद लेने से शरीर को खुद को संभालने का समय मिलता है। बीमारी के दौरान दूसरों से थोड़ी दूरी बनाना भी जरूरी है, क्योंकि फ्लू एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक फैल सकता है। खांसते या छींकते समय मुंह और नाक ढकें और हाथ साफ रखें। फ्लू में खाना खाने का मन कम होता है। इसके बावजूद लंबे समय तक खाना छोड़ देना ठीक नहीं है। शरीर को बीमारी से लड़ने के लिए ताकत चाहिए। इसलिए बहुत ज्यादा खाना एक साथ खाने के बजाय थोड़ा-थोड़ा खाना बेहतर होता है। दाल, अंडा, दूध, दही, और पनीर जैसे प्रोटीन वाले खाने के साथ फल और हरी सब्जियां भी डाइट में शामिल करें। खिचड़ी, दलिया या हल्का खाना भी लिया जा सकता है। विटामिन और दूसरे जरूरी पोषक तत्व शरीर को सामान्य तरीके से काम करने में मदद करते हैं। हालांकि किसी एक विटामिन को ज्यादा मात्रा में लेने से फ्लू तुरंत ठीक नहीं होता। फ्लू वायरस की वजह से होता है, इसलिए हर मरीज को एंटीबायोटिक की जरूरत नहीं होती। एंटीबायोटिक ऐसी दवाएं हैं, जो बैक्टीरिया से होने वाले संक्रमण में काम आती हैं। वायरस पर इनका सीधा असर नहीं होता।




**मेष**-मेष राशि वालों के लिए दिन रिश्तों में संतुलन बनाए रखने वाला रहेगा। जीवनसाथी या साझेदार के साथ महत्वपूर्ण बातचीत सफल हो सकती है। परिवार से जुड़ी कोई समस्या बातचीत से सुलझेगी। भाई-बहन से चर्चा करते समय गुस्से से बचें। कार्यक्षेत्र में आत्मविश्वास बना रहेगा।

**वृषभ**-वृषभ राशि वालों को आज दिनचर्या और कामकाज व्यवस्थित करने का अवसर मिलेगा। पुरानी थकान कम हो सकती है। परिवार में जिम्मेदारियां बढ़ेंगी, लेकिन आप उन्हें अच्छी तरह संभाल लेंगे। धन कमाने के गलत तरीकों से दूर रहें। बड़े आर्थिक फैसले जल्दबाजी में न लें।

**मिथुन**-मिथुन राशि वालों के लिए आर्थिक दृष्टि से दिन अच्छा रह सकता है। धन प्राप्ति के नए अवसर मिल सकते हैं और निवेश से जुड़ा कोई प्रस्ताव सामने आ सकता है। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। संतान से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है। क्रोध में कोई निर्णय लेने से बचें।

**कर्क**-कर्क राशि वालों को आर्थिक मामलों में आत्मविश्वास मिलेगा। पुरानी उलझन सुलझ सकती है और किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह उपयोगी रहेगी। परिवार में शांति बनी रहेगी। धन से जुड़े बड़े फैसले लेने से पहले अच्छी तरह विचार करें। यात्रा या रोजमर्रा के काम में सावधानी रखें।

**सिंह**-सिंह राशि वालों के लिए आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता मजबूत रहेगी। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी मिल सकती है। परिवार में किसी शुभ कार्य की संभावना है। मित्रों का सहयोग मिलेगा। सफलता के बीच विनम्रता बनाए रखना जरूरी होगा। अध्ययन और नए विषय सीखने में रुचि बढ़ सकती है।

**कन्या**-कन्या राशि वालों का ध्यान आज सुख-सुविधाओं और आर्थिक मामलों पर रहेगा। धन को लेकर सोच संतुलित रहेगी और सही निर्णय लेने में मदद मिलेगी। कार्यक्षेत्र में नेतृत्व की भूमिका मिल सकती है। मित्रों का सहयोग मिलेगा, लेकिन जल्दबाजी में कोई बड़ा फैसला न लें।

**तुला**-तुला राशि वालों के लिए दिन सामाजिक और व्यक्तिगत संबंधों के लिहाज से अच्छा रहेगा। महत्वपूर्ण फैसलों में स्पष्टता आएगी। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी समझ का लाभ दूसरों को मिलेगा। नए लोगों से संपर्क बढ़ सकता है, लेकिन अपनों से दूरी बनाने से बचें।

**वृश्चिक**-वृश्चिक राशि वालों का आत्मविश्वास कार्यक्षेत्र में मजबूत रहेगा। नई जिम्मेदारी मिलने की संभावना है। मित्रों का सहयोग मिलेगा और किसी जरूरी काम में मदद मिल सकती है। धार्मिक गतिविधियों में रुचि बढ़ेगी। सफलता मिलने पर भी अहंकार से बचना जरूरी होगा।

**धनु**-धनु राशि वालों के लिए भाग्य का साथ मिलने के संकेत हैं। कोई शुभ समाचार मिल सकता है। वरिष्ठ या अनुभवी व्यक्ति की सलाह काम आएगी। कार्यक्षेत्र में लापरवाही से बचें। जीवनसाथी या साझेदार के साथ मतभेद हो सकते हैं, लेकिन बातचीत से स्थिति संभल जाएगी। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा।

**मकर**-मकर राशि वालों को कार्यक्षेत्र के दबाव से राहत मिल सकती है। पुराने काम पूरे होंगे और फैसले लेने में स्पष्टता रहेगी। परिवार में वरिष्ठ सदस्य से अपेक्षित सहयोग कम मिल सकता है। किसी जटिल समस्या का समाधान आपकी समझदारी से हो सकता है। रोजमर्रा के काम में जल्दबाजी से बचें।

**कुंभ**-कुंभ राशि वालों के लिए दिन भाग्य और संबंधों के लिहाज से सकारात्मक रहेगा। पुरानी परेशानी कम हो सकती है। जीवनसाथी या साझेदार का सहयोग आत्मविश्वास बढ़ाएगा। संतान और प्रेम संबंधों में उत्साह रहेगा। किसी बात पर जिद करने के बजाय समझदारी से बातचीत करें।

**मीन**-मीन राशि वालों के लिए पुरानी उलझनों को सुलझाने का दिन है। अध्ययन और शोध से जुड़े लोगों को लाभ मिल सकता है। किसी बड़े फैसले में जल्दबाजी न करें। संतान या प्रेम संबंधों से अच्छी खबर मिल सकती है।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उस्मान एन्क्लेव, अलीगंज-लखनऊ 226024 से प्रकाशित, सम्पादक रवि कुमार अवस्थी , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, R.NI NO. UPHIN/2012/43078 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# साहब.. अमरपुर मंडी में नहीं मिल रहा रोजगार, जिससे परिवार पर मंडरा रहा है बड़ा पोषण का संकट

**हाथ ठेला पल्लेदार यूनियन के मजदूरों ने रोजगार की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन कर की नारेबाजी**

**डीएम को ज्ञापन देकर अमरपुर मंडी के अंदर बड़े वाहनों का प्रवेश निषेध करने की उठाई मांग**

**सब्जी मंडी के अंदर बड़े वाहनों के प्रवेश होने से रोजगार छीनने का आरोप**



स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

शहर के नजाई बाजार में पिछले काफी समय से संचालित हो रही तो सब्जी एवं फल मंडी को जिलाधिकारी के निर्देश पर शहर से करीब 10 किलोमीटर दूर अमरपुर गल्ला मंडी में स्थानांतरित कर दिया गया है, जिस कारण पल्लेदारों व हाथ ठेला संचालकों के रोजगार पर संकट खड़ा हो गया है। आरोप है कि अमरपुर मंडी में बड़े वाहन जा रहे हैं, जिस कारण उनका रोजगार प्रभावित हुआ है। इस मामले को लेकर उन्होंने जिला अधिकारी को ज्ञापन देकर अमरपुर मंडी के अंदर बड़े वाहनों का प्रवेश निषेध करने की मांग उठाई, ताकि उन्हें रोजगार मिल सके।

मिली जानकारी के अनुसार पिछले कई वर्षों से शहर के नजाई बाजार में सब्जी और फल मंडी के थोक व्यापारी अपना व्यापार कर रहे थे, जहां पर भारी वाहनों का प्रवेश निषेध था और इस कारण इस मंडी से फुटकर सब्जी और फल विक्रेताओं द्वारा सामान खरीदने के बाद पल्लेदारों व हाथ ठेला संचालकों की मदद से उनकी दुकानों तक वह सब्जी और फल पहुंचाते थे, जिस कारण उन्हें रोजगार मिल रहा था। इस फल और सब्जी मंडी में करीब दो सैकड़ा से अधिक हाथ ठेला संचालक अपना रोजगार कर रहे थे। लेकिन जिलाधिकारी के निर्देश पर शहर में जाम की स्थिति से निजात दिलाने और सड़क हादसों से बचने के लिए इस थोक फल और सब्जी मंडी को शहर से 10 किलोमीटर दूर अमरपुर मंडी में स्थानांतरित कर दिया है, जहां पर पर्याप्त जगह है और बड़े वाहन भी अंदर तक पहुंचाते हैं। जिला प्रशासन ने हवाला दिया कि नजाई बाजार में लगने वाले जाम से निजात मिल रही है और सड़क हादसे भी कम हुए हैं। लेकिन इस कारण हाथ ठेला संचालकों पर रोजगार का संकट खड़ा हो गया है, क्योंकि अमरपुर मंडी के अंदर बड़े वाहन और छोटे वाहन प्रवेश कर रहे हैं जिस कारण वहां पर फुटकर फल और सब्जी विक्रेता उन्हें वाहनों में अपना सामान लाद कर अपनी दुकानों तक ला रहे हैं। अमरपुर मंडी में हाथ ठेला संचालकों व पल्लेदारों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है, जिस कारण उनके परिवार पर अब भरण पोषण का संकट खड़ा हो गया है। रोजगार की मांग को लेकर हाथ ठेला संचालकों ने बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर जमकर धरना प्रदर्शन किया और नारेबाजी भी की। इस दौरान उन्होंने जिला अधिकारी से उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई। जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में अवगत कराया गया कि मजदूरी पेशा व्यक्ति है और पिछले कई वर्षों से हम 200 ठेला वाले पल्लेदार नझाई बाजार स्थित फल एवं सब्जी मंडी में फल व सब्जियों को अपने ठेला से मंडी के बाहर तक पल्लेदारी करके अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करते चले आ रहे थे। कि वर्तमान में प्रशासन के निर्देश पर फल एवं सब्जी मंडी अमरपुर स्थित विशिष्ट मंडी में स्थानांतरित करवायी है। चूंकि अमरपुर मंडी में टैक्सी व ई रिक्शा वाले मंडी के अन्दर जाकर फल व सब्जी उठाकर ले जा रहे है, जिससे अमरपुरमुण्डी में जाम की स्थिति भी पैदा हो रही है व हम प्रार्थीगण/ 200 पल्लेदारों की मजदूरी समाप्त हो रही है, जिस कारण प्रार्थी गण पर आर्थिक संकट आ गया है और हम गरीब मजदूर अपने परिवार का भरण पोषण करने में असमर्थ हो रहे है। ऐसी स्थिति में हम गरीब मजदूरों को ध्यान में रखते हुये व अमरपुर मंडी में जाम की स्थिति पैदा न हो इसलिये टैक्सी ई रिक्शा को मण्डी के अन्दर सीमित स्थान पर पार्किंग में रखवाने हेतु निर्देशित किया जाना आवश्यक है, ताकि हम मजदूरों को भी मजदूरी मिल सके। अतः आपसे से निवेदन है कि उक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए तथा मंडी में जाम न हो व हम मजदूरों को भी मजदूरी मिलती रहे, इसके लिये टैक्सी व ई रिक्शा को सीमित पॉकिंग स्थान पर खड़े करने हेतु आदेश पारित करने की कृपा करें। दिए गए ज्ञापन पर रोहित चौधरी मोहन गोविंद भगवान दास जगर्भन कैलाश लक्ष्मण वाल्ट खान सहित तीन दर्जन से अधिक पल्लेदारों व हाथ ठेला संचालकों के के हस्ताक्षर बने हुए हैं।

# चाइल्ड हेल्प लाइन की टीम की तत्परता से परिजनों तक सकुशल पहुंची डेढ़ वर्षीय बच्ची



स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

जनपद में बच्चों की सुरक्षा को लेकर जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश के निर्देशन में जिला प्रोबेशन कार्यालय की चाइल्ड हेल्पलाइन टीम 24 घण्टे सक्रिय रहकर कार्य कर रही है और असहाय बच्चों को रेस्क्यू करके उन्हें उनके माता-पिता या अभिभावकों तक सकुशल पहुंचा रही है।

इसी क्रम में बीती 18 अगस्त को सूचना प्राप्त हुई एक डेढ़ साल की बच्ची पनारी रोड के पास मिली है, जिस पर तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन टीम, पीआरबी 112 ,थाना कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे को अपने सुपुर्द लेकर माता-पिता की खोजबीन शुरू कर दी और रात में परिजनों को खोज कर उनके माता-पिता को सुपुर्द कर दिया गया। बच्ची सकुशलता अपने घर पहुंच गई। इस दौरान टीम से महिला थाना प्रभारी अनीता सिंह, परियोजना समन्वयक अजय कुशवाहा, पर्यवेक्षक अतुल कुमार, शुभम शुक्ला और थाना कोतवाली पुलिस मौके पर रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### दबंगों पर जमीन कब्जाने का आरोप

**राजस्व-पुलिस की संयुक्त जांच कर कार्रवाई की मांग**

ललितपुर। ग्राम रजवारा निवासी अनुसूचित जनजाति की महिला ने अपनी पैतृक भूमि पर दबंगों द्वारा कथित रूप से कब्जा किए जाने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसकी भूमि पर जबरन कब्जा कर उसे अपनी ही जमीन से बेदखल कर दिया गया है। मामले में कार्रवाई न होने से परेशान महिला ने प्रशासन को गंभीर चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि उसकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह आत्मघाती कदम उठाने को मजबूर होगी। पीड़िता श्रीमती कुसुम सहरिया निवासी ग्राम रजवारा ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि ग्राम रजवारा स्थित उसकी पैतृक भूमि आराजी संख्या 582/1, रकबा 0.364 हेक्टेयर है। महिला का आरोप है कि शहर निवासी हरिसिंह पाल ने अन्य लोगों के साथ मिलकर उसकी भूमि पर कथित रूप से अवैध कब्जा कर लिया है। भूमि पर उसका अधिकार होने के बावजूद उसे कब्जे से वंचित कर दिया गया है। महिला ने पूरे मामले की जांच कराकर अपनी भूमि को कब्जामुक्त कराने की मांग की है। कुसुम सहरिया का आरोप है कि वह अपनी समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों के समक्ष शिकायत कर चुकी है, लेकिन अभी तक उसे अपेक्षित राहत नहीं मिली। लगातार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न होने से वह परेशान है। पीड़िता ने जिला प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच और प्रभावी कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र में महिला ने अपनी स्थिति को बेहद गंभीर बताते हुए चेतावनी दी है कि यदि उसकी जमीन से कथित कब्जा नहीं हटाया गया और उसे न्याय नहीं मिला तो वह आत्मघाती कदम उठाने के लिए मजबूर होगी। महिला की इस चेतावनी के बाद मामला और गंभीर हो गया है। पीड़िता ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच के लिए राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम गठित की जाए। साथ ही भूमि संबंधी अभिलेखों और मौके की स्थिति की जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने तथा यदि आरोप सही पाए जाएं तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए। मामला सामने आने के बाद अब पीड़िता की नजर जिला प्रशासन की कार्रवाई पर है। महिला ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन राजस्व अभिलेखों एवं मौके की जांच कर उसे न्याय दिलाएगा और उसकी भूमि पर यदि अवैध कब्जा पाया जाता है ।

# फेसबुक पर बहन कु.मायावती के खिलाफ अभद्र व जातिसूचक टिप्पणी का आरोप

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री मायावती के विरुद्ध फेसबुक पर कथित तौर पर अभद्र, अशोभनीय एवं जातिसूचक टिप्पणी किए जाने का मामला सामने आया है। मामले में ग्राम कुम्हेड़ी निवासी कृपाल गौतम पुत्र स्व.रविदास अहिरवार ने थाना कोतवाली महरौनी में प्रार्थना पत्र देकर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में शिकायतकर्ता कृपाल गौतम ने बताया कि उनकी फेसबुक आईडी कृपाल गौतम ललितपुर पर एक वीडियो पोस्ट किया गया था। शिकायत के अनुसार, उक्त वीडियो पर बृजभान सिंह नाम की फेसबुक आईडी से टिप्पणी की गई, जिसमें सुश्री मायावती के प्रति कथित तौर पर अत्यंत आपत्तिजनक एवं जातिसूचक भाषा का प्रयोग किया गया। शिकायतकर्ता ने उक्त फेसबुक आईडी संचालित करने वाले व्यक्ति की पहचान बृजभान सिंह यादव के रूप में बताते हुए मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। हालांकि, आरोपी की पहचान और टिप्पणी से जुड़े तथ्यों की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। तहरीर में कहा गया है कि सोशल मीडिया जैसे सार्वजनिक मंच पर जातिगत एवं अपमानजनक टिप्पणी किए जाने से संबंधित लोगों की भावनाएं आहत हो सकती हैं तथा इससे सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे पर प्रतिकूल प्रभाव पडऩे की आशंका है। शिकायतकर्ता ने पुलिस से मामले को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। शिकायत के साथ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी का स्क्रीनशॉट भी पुलिस को उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने मांग की है कि संबंधित फेसबुक अकाउंट और टिप्पणी की साइबर सेल के माध्यम से जांच कर डिजिटल साक्ष्यों को सुरक्षित कराया जाए तथा जांच में दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति के खिलाफ प्रचलित कानून के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाए। इस दौरान कृपाल गौतम के अलावा केहर सिंह गौतम, सुरेंद्र कुमार, मोहित कुमार, प्रवीण कुमार सहित अन्य लोगों के नाम एवं हस्ताक्षर दर्ज बताए गए हैं।

# अपहरण/बलात्कार का वांछित आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात | तालबेहट

कोतवाली पुलिस ने अपहरण/बलात्कार के मामले में वांछित चल रहे 19 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी को बुधवार सुबह गश्त एवं चेकिंग के दौरान कड़ेसराकलां गांव के सामने हाईवे से पकड़ा गया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान बॉबी सहरिया पुत्र बब्लू सहरिया, निवासी ग्राम कन्धारीकला, थाना पूराकलां, ललितपुर के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना तालबेहट में मुकदमा संख्या 250/26 धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज था। विवेचना के दौरान मामले में धारा 65(1) बीएनएस और पॉक्सो एक्ट की संबंधित धारा की बढ़ोतरी की गई।

पुलिस ने आरोपी को 19 अगस्त को सुबह करीब 7:30 बजे कड़ेसराकलां गांव के सामने हाईवे से गिरफ्तार किया।



आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के कब्जे से कोई बरामदगी नहीं हुई। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार वर्मा, चौकी प्रभारी झरर घाट दिनेश कुमार त्रिपाठी, हेड कांस्टेबल शिववीर सिंह, कांस्टेबल अनुराग त्रिवेदी और कांस्टेबल रिकेशनलाल शामिल रहे।


# रेलवे स्टेशन पर जीआरपी-आरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई, चोरी के दो मोबाइल के साथ युवक गिरफ्तार

**ललितपुर**। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के मोबाइल चोरी करने वाले एक युवक को जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए युवक के कब्जे से चोरी के दो एंड्रॉइड स्मार्टफोन बरामद हुए हैं। आरोपी कथित तौर पर ट्रेनों में यात्रियों के मोबाइल चोरी करने के बाद उन्हें राहगीरों को बेचने की फिराक में था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। बीती 18 अगस्त 2026 की सुबह थाना जीआरपी ललितपुर के उपनिरीक्षक राजेश सिंह अपनी टीम में शामिल हेड कांस्टेबल मोहन सिंह और सन्नी यादव के साथ रेलवे स्टेशन पर गश्त एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान सर्कुलेटिंग एरिया में आरपीएफ के सहायक उपनिरीक्षक शशिभूषण मिश्रा और हेड कांस्टेबल हरिकिशन सिंह भी मौजूद थे। गश्त के दौरान पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि प्लेटफॉर्म नंबर एक पर बीना एंड की ओर नेम बोर्ड के पास एक संदिग्ध युवक खड़ा है, जो आने-जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों के मोबाइल चोरी करने की फिराक में है। सूचना मिलते ही जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस ने नीली जींस और चमकीली प्लेन शर्ट पहने एक युवक को संदिग्ध अवस्था में पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम उत्तर प्रदेश के कमिश्नरेट कानपुर नगर महाराजपुर मोहल्ला रामनगर निवासी धीरेन्द्र पुत्र पप्पू बताया। पुलिस के अनुसार युवक की तलाशी लेने पर उसकी पैंट की बाईं जेब से सैमसंग और वीवो कंपनी के दो एंड्रॉइड स्मार्टफोन बरामद हुए। दोनों मोबाइल चालू हालत में थे, हालांकि उनमें सिम और चिप नहीं लगी थी। पुलिस के मुताबिक पूछताछ के दौरान आरोपी ने कथित तौर पर बताया कि दोनों मोबाइल उसने कुछ दिन पहले ट्रेनों में यात्रा कर रहे यात्रियों से चोरी किए थे। वह इन मोबाइलों को राहगीरों को अपनी मजबूरी बताकर बेचने की फिराक में स्टेशन के आसपास घूम रहा था।

# ग्राम गुढ़ा के पं. शुयस द्विवेदी का ग्राम विकास अधिकारी पद पर चयन, क्षेत्र में खुशी की लहर

महरौनी। तहसील महरौनी अंतर्गत ग्राम गुढ़ा निवासी पं. शुयस द्विवेदी पुत्र श्री भरत द्विवेदी का ग्राम विकास अधिकारी (VDO) के पद पर चयन होने से गांव सहित क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों, रिश्तेदारों, मित्रों एवं ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

पं. शुयस द्विवेदी की इस सफलता को उनकी मेहनत, लगन एवं समर्पण का परिणाम बताया जा रहा है। चयन की खबर मिलते ही परिजनों एवं शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि वे अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करते हुए ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उनकी सफलता पर क्षेत्रवासियों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए



कहा कि पं. शुयस द्विवेदी का चयन गांव के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। सफलता की खबर पर उन्हें बधाई देने वालों का सिलसिला जारी है।

# बारिश के बाद बढ़ा मच्छरों का प्रकोप

**» डेंगू को लेकर सतर्क रहने की अपील**

**» बुखार को हल्के में न लें, खतरे के लक्षण दिखें तो तत्काल अस्पताल पहुंचें : डा. घनश्याम अहिरवार**

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर



बारिश के बाद मच्छरों का प्रकोप बढऩे से डेंगू का खतरा भी बढ़ गया है। इसे देखते हुए ललितपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों से सतर्कता बरतने और डेंगू की रोकथाम के लिए आवश्यक सावधानियां अपनाने की अपील की गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि डेंगू से बचाव केवल स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक परिवार और पूरे समुदाय की सामूहिक जिम्मेदारी है। ऑटोनॉमस स्टेट मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा.घनश्याम अहिरवार ने नागरिकों को डेंगू से बचाव, इसके लक्षणों की पहचान और गंभीर स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में चिकित्सकीय परामर्श दिया है। डा. घनश्याम अहिरवार के अनुसार डेंगू वायरस संक्रमित एडीज मच्छर के काटने से फैलता है। यह मच्छर दिन के समय भी सक्रिय रहता है। खास बात यह है कि एडीज मच्छर घरों के आसपास जमा स्वच्छ पानी में भी पनप सकता है। कूलर, पानी की टंकी, गमले, पुराने टायर, डिब्बे और अन्य बर्तनों में जमा पानी इसके प्रजनन का प्रमुख कारण बन सकता है। अचानक तेज बुखार, सिरदर्द, आंखों के पीछे दर्द, शरीर एवं जोड़ों में दर्द, अत्यधिक कमजोरी, जी मिचलाना, उल्टी तथा त्वचा पर लाल चकत्ते डेंगू के संभावित लक्षण हो सकते हैं। हालांकि केवल लक्षणों के आधार पर डेंगू की पुष्टि नहीं की जा सकती। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर चिकित्सक से परामर्श लेकर आवश्यक जांच कराना जरूरी है।

डेंगू की आशंका होने या चिकित्सकीय पुष्टि के बाद पर्याप्त मात्रा में पानी, ओआरएस और अन्य तरल पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी गई है। रोगी को पूर्ण विश्राम करना चाहिए तथा चिकित्सक की सलाह के अनुसार ही दवाओं का सेवन करना चाहिए। एस्पिरिन या इबुप्रोफेन जैसी दवाओं का सेवन बिना चिकित्सकीय सलाह के नहीं करना चाहिए। चिकित्सक के निर्देशानुसार आवश्यक जांच और नियमित फॉलोअप भी कराना जरूरी है। डेंगू के मरीज में पेट में तेज दर्द, लगातार उल्टी, नाक या मसूड़ों से रक्तस्राव, खून की उल्टी, काला मल, अत्यधिक कमजोरी या बेचैनी, सांस लेने में कठिनाई, पेशाब की मात्रा कम होना अथवा हाथ-पैर ठंडे पडऩा जैसे लक्षण दिखाई दें तो इसे गंभीरता से लेना चाहिए। ऐसे लक्षणों में बिना देरी किए तत्काल अस्पताल में चिकित्सकीय सहायता लेने की सलाह दी गई है। डा.घनश्याम अहिरवार ने विशेष रूप से कहा कि बुखार कम हो जाना हमेशा मरीज के ठीक होने का संकेत नहीं होता। बुखार उतरने के समय भी मरीज की स्थिति पर विशेष निगरानी रखना आवश्यक है। डेंगू से बचाव के लिए घर और आसपास कहीं भी पानी जमा न होने देने की सलाह दी गई है। कूलर का पानी नियमित रूप से खाली कर उसकी सफाई करें। पानी की टंकियों को अच्छी तरह ढककर रखें। गमलों, पुराने टायर, डिब्बों और कबाड़ में पानी जमा न होने दें। घर की छत और आसपास बारिश के पानी का जमाव रोकें। इसके अलावा पूरी बांह के कपड़े पहनने और मच्छररोधी साधनों का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है। नागरिकों को हर सप्ताह कम से कम 10 मिनट अपने घर और आसपास जमा पानी की जांच कर उसे हटाने की आदत विकसित करने की अपील की गई है। डा.घनश्याम अहिरवार ने कहा कि डेंगू से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय मच्छरों के प्रजनन स्थलों को समाप्त करना है। उन्होंने लोगों से बुखार को हल्के में न लेने, समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने और खतरे के लक्षण दिखाई देने पर बिना विलंब अस्पताल पहुंचने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवार की छोटी-सी सतर्कता पूरे समुदाय को डेंगू से सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

# आवासीय विद्यालय में 11 वर्षीय छात्र के साथ यौन शोषण का आरोप, दो नाबालिग छात्रों पर एफआईआर

**कमरे और खेल मैदान में वारदात का आरोप, धमकाने की बात सामने आई, मेडिकल परीक्षण के बाद पुलिस जांच में जुटी**

ललितपुर। जिले के एक आवासीय विद्यालय में 11 वर्षीय छात्र के साथ दो वरिष्ठ छात्रों द्वारा कथित तौर पर यौन शोषण किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित छात्र के पिता की शिकायत पर पुलिस ने दोनों नाबालिग छात्रों के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने पीड़ित छात्र को चिकित्सीय परीक्षण के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा है। पीड़ित के पिता द्वारा दी गई शिकायत के मुताबिक, उनका 11 वर्षीय पुत्र आवासीय विद्यालय में रहकर पढ़ाई करता है। आरोप है कि 7 अगस्त की शाम करीब 3.30 बजे दो वरिष्ठ छात्रों ने उसे कमरे में बंद कर उसके साथ गलत हरकत की। इसके बाद 8 अगस्त को भी दोनों छात्रों द्वारा छात्र को अकेला पाकर कमरे में ऐसी ही हरकत दोहराने का आरोप है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि 10 अगस्त को पानी पीने के बहाने छात्र को खेल मैदान की ओर ले जाया गया, जहां उसके साथ दोबारा जबरदस्ती की गई। पीड़ित छात्र ने परिजनों को बताया कि आरोपी छात्र कथित तौर पर उसे धमकाते और उसके साथ मारपीट करते थे। किसी को घटना की जानकारी देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दिए जाने की बात भी सामने आई है। इससे छात्र काफी डरा और सहमा हुआ बताया गया है। परिजनों का आरोप है कि छात्र ने विद्यालय प्रशासन को प्रार्थना पत्र देकर घटना की जानकारी दी थी। इसके बाद दोनों आरोपी छात्रों को कुछ समय के लिए निलंबित किए जाने की बात सामने आई। हालांकि, परिजनों का आरोप है कि मामले में पीड़ित छात्र से ही क्षमा मांगने संबंधी प्रार्थना पत्र लिखवाया गया और घटना की पूरी जानकारी उसके परिजनों को तत्काल नहीं दी गई। बताया गया है कि करीब तीन दिन पहले छात्र जब घर पहुंचा तो उसने रोते हुए अपने माता-पिता को पूरी घटना की जानकारी दी। बेटे की बात सुनकर परिजन पुलिस के पास पहुंचे और मामले में कार्रवाई की मांग की। सीओ सिटी अजय कुमार के निर्देश पर पुलिस ने पीड़ित के पिता की शिकायत के आधार पर दोनों नाबालिग छात्रों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने पीड़ित छात्र का मेडिकल परीक्षण कराया है। मामले की जांच की जा रही है और पुलिस विद्यालय परिसर, संबंधित छात्रों तथा उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर घटनाक्रम की पड़ताल कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। नाबालिग होने के कारण सभी संबंधित बच्चों की पहचान गोपनीय रखी जा रही है।

# प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**24 अगस्त तक खुलेगा पोर्टल, पात्र लाभार्थियों को विभिन्न मत्स्य परियोजनाओं में मिलेगा आवेदन का अवसर**

ललितपुर। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत जनपद के पात्र लाभार्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य विभाग बीपी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के विभिन्न घटकों के लिए विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उन्होंने बताया कि आवेदन के लिए पोर्टल 14 से 24 अगस्त 2026 तक खुला रहेगा। इच्छुक एवं पात्र लाभार्थी निर्धारित अंतिम तिथि तक विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना के तहत मध्याकार आरएएस में सामान्य वर्ग के पात्र लाभार्थियों को आवेदन का अवसर दिया गया है। इसके अलावा रियरिंग यूनिट निर्माण के लिए महिलाओं एवं अनुसूचित जाति वर्ग के लाभार्थी आवेदन कर सकते हैं। इसी प्रकार बैकयार्ड आरएएस के लिए महिलाओं तथा पारंपरिक मछुआरा परिवारों के लिए आजीविका एवं पोषण संबंधी सहायता परियोजनाओं के अंतर्गत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। मत्स्य विभाग के अनुसार संबंधित परियोजनाओं का विवरण, इकाई लागत, आवेदन प्रक्रिया, पात्रता मानदंड तथा आवश्यक अभिलेखों की जानकारी विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है। विभाग ने इच्छुक आवेदकों से ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व योजना के दिशा-निर्देशों एवं पात्रता शर्तों का भली-भांति अवलोकन करने की अपील की है, ताकि आवेदन प्रक्रिया में किसी प्रकार की परेशानी न हो। योजना से संबंधित अधिक जानकारी एवं मार्गदर्शन के लिए पात्र लाभार्थी जनपदीय मत्स्य विभाग ललितपुर में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क कर सकते हैं।

# न्यायालय परिसर की बदहाल व्यवस्थाओं पर जिला बार एसोसिएशन नाराज, जिला जज को सौंपा ज्ञापन

**» वादकारी कक्षों के पंखे खराब, पेयजल और वॉशरूम में पानी की समस्या**

**» अधिवक्ताओं ने तत्काल व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने की उठाई मांग**

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

जिला बार एसोसिएशन ललितपुर ने न्यायालय परिसर में वादकारियों और अधिवक्ताओं को हो रही असुविधाओं को लेकर नाराजगी जताते हुए जिला जज को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन ने न्यायालय परिसर के वादकारी कक्षों, बरामदों और अन्य जन-सुविधाओं की व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने की मांग की है। अधिवक्ताओं का कहना है कि न्यायालय आने वाले लोगों को बुनियादी सुविधाओं के अभाव में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बार एसोसिएशन की ओर से 19 अगस्त 2026 को दिए गए पत्र में बताया गया कि नवीन न्याय भवन के बाहर वादकारियों के बैठने एवं प्रतीक्षा करने के लिए कक्ष और बरामदे बनाए गए हैं। इन स्थानों पर पंखे भी लगाए गए हैं, लेकिन रखरखाव के अभाव में कई पंखे सुचारू रूप से संचालित नहीं हो रहे हैं। एसोसिएशन ने पत्र में कहा कि खराब पंखे अब शोभा की वस्तु बनकर रह गए हैं। गर्मी के मौसम में दूर-दराज से आने वाले वादकारियों को प्रतीक्षा के दौरान परेशानी का सामना करना पड़ता है।

अधिवक्ताओं का कहना है कि इस समस्या से संबंधित कर्मचारियों को पूर्व में भी अवगत कराया जा चुका है, लेकिन स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। ज्ञापन में न्यायालय परिसर की अन्य बुनियादी सुविधाओं का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया है। बार एसोसिएशन के अनुसार परिसर में पेयजल व्यवस्था के साथ-साथ वॉशरूम और मूत्रालयों में पानी की उपलब्धता भी व्यवस्थित नहीं है। इसके चलते न्यायालय आने वाले वादकारियों, अधिवक्ताओं और अन्य लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। एसोसिएशन ने कहा कि न्यायालय परिसर में उपलब्ध कराई गई जन-सुविधाओं का उद्देश्य आम लोगों को राहत देना है, इसलिए इनकी नियमित देखरेख और समय पर मरम्मत जरूरी है। जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष राजेश देवलिया एड. एवं सचिव लखन यादव एड. ने जिला जज से मांग की है कि न्यायालय परिसर की व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित कर्मचारियों से रिपोर्ट मंगाई जाए। इसके साथ ही खराब पंखों, पेयजल व्यवस्था और वॉशरूम में पानी सहित अन्य समस्याओं को तत्काल दुरुस्त कराने के लिए आवश्यक आदेश जारी किए जाएं। बार एसोसिएशन ने कहा कि न्यायालय परिसर में आने वाले अधिकांश वादकारी दूर-दराज के क्षेत्रों से आते हैं। ऐसे में उनके लिए बैठने, हवा, पेयजल और स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं का सुचारू रहना आवश्यक है। एसोसिएशन ने जिला जज से मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा की है, ताकि न्यायालय परिसर में आने वाले वादकारियों और अधिवक्ताओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

# तेज रफ्तार अपाचे ने बाइक में मारी टक्कर

**» युवक का पैर फ्रैक्चर और अंगुली कटी**

**» एक माह बाद पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

**» आरोपी बाइक चालक पर लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप**

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

थाना कोतवाली क्षेत्र में एक मैरिज गार्डन के पास तेज रफ्तार और कथित लापरवाही से चल रही अपाचे बाइक ने प्लैटिना मोटरसाइकिल में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके दाहिने पैर में फ्रैक्चर होने के साथ शरीर पर कई गंभीर चोटें आईं। इलाज के दौरान उसकी एक अंगुली भी काटनी पड़ी। घटना के करीब एक माह बाद पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना जखौरा ग्राम कोटरा निवासी मनोहर विश्वकर्मा पुत्र रामप्रसाद विश्वकर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 15 जुलाई 2026 की शाम करीब छह बजे वह अपने भाई अनिल विश्वकर्मा के साथ प्लैटिना मोटरसाइकिल संख्या यू.पी. 94 ए.एल. 0208 से इलाइट चौराहा से पिनारी की ओर जा रहे थे। बताया गया कि जैसे ही दोनों गार्डन के पास कृषि मंडी चौकी क्षेत्र में पहुंचे, तभी पीछे से तेज गति से आ रही टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। तहरीर में अपाचे चालक की पहचान थाना जखौरा की चौकी बांसी के ग्राम मुजारा निवासी धर्मेन्द्र अहिरवार पुत्र दृगपाल अहिरवार के रूप में बताई गई है। हादसे में मनोहर विश्वकर्मा के दाहिने पैर में गंभीर फ्रैक्चर हो गया और शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आईं। दुर्घटना में उनकी मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ललितपुर पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें झांसी रेफर कर दिया। झांसी में उपचार के दौरान उनके पैर का ऑपरेशन किया गया। इलाज के दौरान उनकी एक अंगुली भी काटनी पड़ी। आरोप है कि हादसे के बाद आरोपी चालक ने घायल की कोई सुध नहीं ली और उपचार में भी सहयोग नहीं किया। तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली पुलिस ने की धारा 281, 125(बी) और 324(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# चलती समता एक्सप्रेस में महिला का पर्स चोरी

**» सोने के कुण्डल और नकदी लेकर चोर फरार**

**» 20,600 रुपये का सामान पार, जीआरपी ने दर्ज की रिपोर्ट**

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में बढ़ती भीड़ के बीच यात्रियों के सामान पर शातिर चोरों की नजर बनी हुई है। ऐसा ही एक मामला समता एक्सप्रेस में सामने आया, जहां भीड़ का फायदा उठाकर एक महिला यात्री के कंधे पर टंगे लेडीज पर्स की चेन खोलकर उसमें रखा छोटा पर्स चोरी कर लिया गया। चोरी हुए पर्स में सोने के कुण्डल और नकदी रखी थी। घटना के करीब एक माह बाद पीड़िता की शिकायत पर जीआरपी थाना ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मध्य प्रदेश के सागर जिले के बीना स्थित अम्बेडकर चौराहा निवासी सविता परिहार पत्नी कल्याण परिहार 13 जुलाई 2026 को ट्रेन संख्या 12808 समता एक्सप्रेस से ललितपुर से बीना की यात्रा कर रही थीं। वह ट्रेन के जनरल कोच में सवार हो रही थीं। इसी दौरान कोच में अत्यधिक भीड़ थी।

महिला के अनुसार, भीड़ में उनके आगे और पीछे दो संदिग्ध महिलाएं खड़ी थीं और वह उनके बीच में फंसकर आगे बढ़ रही थीं। इसी दौरान किसी ने उनके दाहिने कंधे पर टंगे लेडीज पर्स की चेन खोल दी। कुछ देर बाद शक होने पर सविता परिहार ने अपना पर्स चेक किया तो उसके अंदर रखा लाल रंग का छोटा पर्स गायब मिला। उन्होंने तत्काल आसपास तलाश की, लेकिन पर्स का कोई पता नहीं चला। जिन दो महिलाओं पर उन्हें संदेह था, वे भी ट्रेन के भीतर नहीं मिलीं। चोरी हुए छोटे पर्स में करीब 20 साल पुराने सोने के बूंदे/कुण्डल, जिनका वजन लगभग 3 ग्राम और अनुमानित कीमत 20 हजार रुपये, तथा 600 रुपये नकद रखे थे। इस तरह चोरी हुए सामान की कुल कीमत करीब 20,600 रुपये बताई गई है। जीआरपी थाना ललितपुर में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बीएनएस की धारा 305(सी) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। मामले की जांच उपनिरीक्षक बाली सिंह को सौंपी गई है। जीआरपी द्वारा घटना के संबंध में संदिग्धों की पहचान और चोरी गए सामान की बरामदगी के लिए जांच की जा रही है। समता एक्सप्रेस के जनरल कोच में भीड़ का फायदा उठाकर हुई इस वारदात ने रेलवे यात्रियों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े किए हैं। खासकर स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ते और उतरते समय यात्रियों को अपने पर्स, मोबाइल, आभूषण और नकदी को सुरक्षित रखने की जरूरत है। पुलिस मामले की विवेचना के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी।

# महरौनी में साइबर जागरूकता अभियान, छात्र-छात्राओं को ठगी से बचाव के बताए उपाय

**महरौनी**। साइबर अपराधों से बचाव एवं जागरूकता के उद्देश्य से थाना महरौनी पुलिस ने बुधवार को कस्बे के एक कोचिंग सेंटर में साइबर जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस टीम ने छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी साझा करने तथा सोशल मीडिया के दुरुपयोग से होने वाले नुकसान की जानकारी दी।

पुलिस ने अपील की कि किसी अनजान व्यक्ति से बैंक संबंधी जानकारी, पासवर्ड, ओटीपी या अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करें और संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत करने तथा राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया भी बताई



गई। अभियान में उप निरीक्षक रामकृपाल सिंह, कांस्टेबल सतीश कुमार मिश्र एवं कांस्टेबल सचिन सैलानी मौजूद रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## शौच करने गए वृद्ध की नहर में डूबकर मौत

**सिद्धार्थनगर।** जिले के भवानीगंज थाना क्षेत्र के सेखुईताज गांव में एक 75 वर्षीय वृद्ध के नहर में डूबने ने मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार, सेखुईताज गांव निवासी कनिक राम गौतम(75) पुत्र स्वर्गीय श्यामे सुबह करीब 6 बजे शौच के लिए घर से निकले थे। काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। परिजनों को सेखुईताज गांव के पास नहर किनारे उनका डंडा, चप्पल और डिब्बा मिला। इन वस्तुओं के मिलने के बाद परिजनों ने उनके नहर में डूबने की आशंका व्यक्त की। परिजनों ने यह भी बताया कि वृद्ध मानसिक रूप से विक्षिप्त थे। घटना की सूचना भवानीगंज पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों तथा स्थानीय पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर नहर में वृद्ध की तलाश शुरू कर दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि डूबे हुए व्यक्ति का शव डुमरियागंज थाना क्षेत्र के गौहनियांराज के पास मिली है।


## राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा का प्रतापगढ़ दौरा आज

**प्रतापगढ़।** राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा 20 अगस्त को जनपद प्रतापगढ़ के भ्रमण पर रहेंगी। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार वह सुबह 9 बजे कौशाम्बी से प्रतापगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूर्वान्ह 10.30 बजे वह प्रतापगढ़ स्थित निरीक्षण भवन पहुंचेंगी। इसके बाद पूर्वान्ह 11.30 बजे नारायण नेत्रालय पूरे पितई देवकली मोड़ पहुंचेगी, यहां आयोजित नारायण नेत्रालय के उद्घाटन समारोह में प्रतिभाग करेंगी। उद्घाटन समारोह के उपरांत दोपहर 12 बजे नारायण नेत्रालय से कौशाम्बी के लिए रवाना होंगी।

## साले की गोली मारकर हत्या करने वाले जीजा को हुई जेल

**प्रतापगढ़।** कोहंडौर थाना के मदाफरपुर निवासी देवेन्द्र यादव पुत्र गया प्रसाद यादव की 18 अगस्त की दोपहर में सगे जीजा कपिल यादव 40 पुत्र राम सुन्दर यादव निवासी खानापुर थाना पीपरपुर अमेठी वर्तमान पता अहिमाने जोगीबीर कोतवाली नगर सुल्तानपुर ससुराल पहुंचा और पत्नी के विवाद में साले से कहासुनी के दौरान लाइसेंसी पिस्टल से गोली मार दिया जिससे साले देवेंद्र यादव की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।कपिल यादव का अपनी पत्नी से कुछ माह से विवाद चल रहा था,जिस पर भाई देवेंद्र यादव बहन के ससुराल पहुंचा और साथ बुलाकर घर ले आया था।आरोपित कपिल यादव ने बताया कि साले देवेंद्र यादव ने धमकी दी थी कि मदाफरपुर आए तो गोली मार दूंगा, इसलिए मैं आया तो अपनी लाइसेंसी पिस्टल साथ लेकर आया था।सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए प्राप्त तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी कपिल यादव को एक लाइसेंसी पिस्टल.32 बोर,19 जिंदा कारतूस,3 खोखा कारतूस, एक रॉयल एनफील्ड बुलेट के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## सीडीओ ने खाद कालाबाजारी, ओवर रेटिंग पर छापेमारी के दिए आदेश




**प्रतापगढ़।** शासन एवं जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय के निर्देश पर बुधवार को विकास भवन सभागार मे आयोजित किसान दिवस मे सीडीओ डॉ राम मोहन मीना ने खाद कालाबाजारी ओवर रेटिंग पर तत्काल छापेमारी करने के निर्देश दिए। सांडवा चंद्रिका ब्लॉक अंतर्गत अंतू निवासी संदीप मिश्रा ने शिकायत किया था कि अंतू बाजार मे उर्वरक विक्रेताओं द्वारा महंगे दामों पर उर्वरक बेची जा रही है।सीडीओ ने जिला कृषि अधिकारी को जांच के आदेश दिए है।उन्होंने कहा कि शिकायत सही पाए जाने पर विक्रेता पर नियमानुसार कार्रवाई कर उन्हें अवगत कराया जाए। ब्लॉक लक्ष्मणपुर के जेठवारा निवासी अनन्त सिंह ने बताया कि उनके गांव दुग्ध क्रय समिति द्वारा दूध की खरीद नही की जा रही है।भारतीय किसान यूनियन महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष पम्मी सिंह ने बताया कि किसानों को बीमा भुगतान मे बैंकों द्वारा परेशान किया जा रहा है।सीडीओ समस्त किसानों की समस्याओं को तत्काल निस्तारित करने के निर्देश अधिकारियों को दिया। बैठक मे पीडी डीआरडीए दयाराम यादव उप कृषि निदेशक अश्वनी कुमार सिंह जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

# भगवंतनगर में निकली तिरंगा यात्रा को लेकर चर्चा, फ्यूल खपत और प्रदूषण पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**उन्नाव।** भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को भाजपा प्रत्याशी अविचल शुक्ला के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। रुझई बाजार से शुरू हुई इस यात्रा में बड़ी संख्या में बाइक, कार और अन्य वाहनों का काफिला शामिल रहा। करीब 30 किलोमीटर लंबे मार्ग पर निकली इस यात्रा में हजारों लोगों की मौजूदगी से क्षेत्र में राष्ट्रभक्ति का माहौल बताया गया, हालांकि अब इस आयोजन को लेकर अलग-अलग तरह की चर्चाएं भी सामने आ रही हैं। एक तरफ जहां देश के प्रधानमंत्री सहित कई बड़े नेताओं द्वारा लगातार जनता से फ्यूल की बचत करने और कम वाहनों के उपयोग की अपील की जाती रही है, वहीं इस तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में वाहनों के काफिले के उपयोग को लेकर सवाल उठने लगे हैं। जानकारों और स्थानीय लोगों के अनुसार इस रैली में हजारों मोटरसाइकिल और चार पहिया वाहनों के चलते बड़ी मात्रा में ईंधन की खपत हुई, जिससे हजारों लीटर फ्यूल बर्बाद होने की बात कही जा रही है।

यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में युवाओं ने बाइक और कारों पर राष्ट्रीय ध्वज लगाकर हिस्सा लिया। जगह-जगह लोगों ने यात्रा का स्वागत भी किया और 'भारत माता की जय' तथा 'वंदे मातरम' के नारे लगाए। डीजे पर बज रहे देशभक्ति गीतों के बीच युवा उत्साह के साथ शामिल हुए और कई वाहनों को तिरंगे से सजाया गया। हालांकि, इस आयोजन को लेकर यह भी चर्चा तेज है कि देशभक्ति प्रदर्शित करने के लिए अन्य सामाजिक और रचनात्मक तरीके भी अपनाए जा सकते थे, जैसे गरीबों की मदद, जरूरतमंद लड़कियों की शादी में सहयोग, बेरोजगारों को रोजगार दिलाने के प्रयास या भूखों को भोजन उपलब्ध कराना। कुछ लोगों का कहना है कि तिरंगा यात्रा के नाम पर यह एक तरह का चुनावी प्रदर्शन भी हो सकता है, जिस पर बहस जारी है। इसके अलावा, इतनी बड़ी संख्या में वाहनों के काफिले के चलते वायु प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण बढ़ने की भी बात सामने आ रही है, जिसे वैकल्पिक व्यवस्था से काफी हद तक रोका जा सकता था।

आयोजकों के अनुसार इस यात्रा में करीब तीन से चार हजार लोगों ने हिस्सा लिया। यात्रा के दौरान पुलिस बल भी तैनात रहा और यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने का प्रयास किया गया। भाजपा प्रत्याशी अविचल शुक्ला के नेतृत्व में आयोजित इस तिरंगा यात्रा को जहां एक ओर राष्ट्रप्रेम और एकता का संदेश देने वाला कार्यक्रम बताया गया, वहीं दूसरी ओर इसके स्वरूप और संसाधन उपयोग को लेकर स्थानीय स्तर पर चर्चा और बहस का बाजार भी गर्म है। सोशल मीडिया और स्थानीय स्तर पर भी इस यात्रा की तस्वीरें और वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिनमें विशाल काफिला और बड़ी संख्या में शामिल वाहन लोगों के बीच चर्चा का विषय बने हुए हैं।

# घटिया खाना-शिक्षकों की कमी से भड़के 250 छात्र, तीन घंटे सड़क जाम



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उन्नाव।** बुधवार सुबह 'जेन-अल्फा' के छात्र सड़कों पर उतर आए। जयप्रकाश नारायण सर्वोदय आवासीय विद्यालय के 6वीं से 12वीं तक के 250 से ज्यादा छात्र हॉस्टल में घटिया खाना, शिक्षकों की कमी और बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर सड़क जाम कर प्रदर्शन करने लगे। छात्रों के हाथों में 'हमारी मांगें पूरी करो' और 'वी नीड टीचर्स' जैसी तख्तियां थीं। नारेबाजी के चलते हसनगंज क्षेत्र में करीब 3 घंटे तक आवागमन बाधित रहा और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। **शिक्षा मंत्री को बुलाओ, तभी हटेंगे** सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छात्रों को समझाने की कोशिश की, लेकिन छात्र अपनी मांगों पर अड़े रहे। छात्रों का आरोप है कि पिछले 6 महीने से स्कूल में शिक्षकों की भारी कमी है। नए शिक्षकों की भर्ती नहीं हुई है, जिससे बोर्ड की तैयारी कर रहे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। **छात्रों ने कहा-** 'हॉस्टल में खाने की क्वालिटी बेहद खराब है। मेस में साफ-सफाई नहीं होती। रसोइया गुटखा खाकर खाना बनाते हैं। रोज बैंगन की सब्जी परोस दी जाती है। शिकायत करने पर प्रिंसिपल टीसी काटकर घर भेजने की धमकी देते हैं। एक अन्य छात्र ने बताया कि छात्रावास में पीने के पानी की भी व्यवस्था नहीं है। दूषित पानी पीने से कई बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। भीषण गर्मी में हॉस्टल के पंखे भी खराब पड़े हैं। छात्रों ने साफ कहा कि जब तक माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी मौके पर नहीं आएंगी, तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। मामला बढ़ता देख सीडीओ कृति राज मौके पर पहुंचीं। उन्होंने छात्रों की समस्याएं सुनीं और जांच के लिए विशेष टीम गठित करने के साथ कार्रवाई का भरोसा दिलाया। सीडीओ के आश्वासन के बाद सुबह 6 बजे शुरू हुआ प्रदर्शन करीब 9 बजे खत्म हुआ। **स्कूल की हकीकत** नगर पंचायत न्योतनी में स्थित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय आवासीय विद्यालय में 350 छात्र पढ़ते हैं। यहां कक्षा 6 से 12 तक की पढ़ाई होती है। सभी छात्र हॉस्टल में ही रहते हैं। प्रवेश एंट्रेंस एग्जाम के माध्यम से होता है। फिलहाल प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अपंजीकृत मच्छर भगाने वाले उत्पादों की बिक्री पर कृषि विभाग सख्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया है कि जनपद में डाईमेंफ्लूथ्रिन एवं मेपरफ्लूथ्रिन जैसे गैर-पंजीकृत कीटनाशी तत्वों से निर्मित मच्छर भगाने वाले उत्पादों एवं अगरबत्तियों की अवैध बिक्री के विरुद्ध कृषि विभाग ने सघन अभियान शुरू किया है। विभिन्न ब्रांड नामों से बाजार में बिक रहे अपंजीकृत एवं मानकविहीन उत्पादों को लेकर विभाग ने थोक एवं फुटकर विक्रेताओं को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होने बताया है कि जनपद में कृषि विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा लगातार दुकानों एवं प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा रहा है। जांच के दौरान अवैध रूप से भंडारित एवं बिक्री के लिए रखे गए संदिग्ध उत्पादों को जब्त किया जा रहा है। साथ ही संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध विधिक कार्रवाई भी प्रारंभ कर दी गई है। संदिग्ध उत्पादों के नमूने एकत्र कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं, जिससे उनकी गुणवत्ता एवं मानकों की जांच सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि डाईमेंफ्लूथ्रिन एवं मेपरफ्लूथ्रिन युक्त ऐसे अपंजीकृत उत्पादों का निर्माण, भंडारण एवं विक्रय कीटनाशी अधिनियम, 1968 एवं नियमावली, 1971 के प्रावधानों का उल्लंघन है। ऐसे उत्पादों से निकलने वाला धुआं स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। इसके संपर्क में आने से श्वसन संबंधी समस्या, एलर्जी, दमा, आंखों में जलन सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां उत्पन्न होने की आशंका रहती है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने जनपद के सभी थोक एवं फुटकर विक्रेताओं, विशेष रूप से किराना दुकानों एवं जनरल स्टोर्स को निर्देशित किया है कि वे ऐसे अपंजीकृत एवं मानकविहीन मच्छर भगाने वाले उत्पादों का भंडारण एवं विक्रय तत्काल प्रभाव से बंद कर दें। किसी भी दुकान पर इस प्रकार के उत्पाद पाए जाने पर संबंधित विक्रेता के विरुद्ध कीटनाशी अधिनियम, 1968 की सुसंगत धाराओं के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के तहत उत्पादों की जब्ती, लाइसेंस निरस्तीकरण एवं अभियोजन की कार्रवाई भी की जा सकती है।

## समरसता व एकता के संदेश के साथ निकली संत रविदास कलश वंदन रथ यात्रा



**बिस्कोहर (सिद्धार्थनगर)।** समरसता व एकता के संदेश के साथ निकली संत रविदास जी की कलश वंदन रथ यात्रा नगर पंचायत अध्यक्ष अजय गुप्ता, मंडल अध्यक्ष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में संत शिरोमणि रविदास जी महाराज के समरसता एवं सामाजिक एकता के संदेश को जन- जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से समरसता व एकता कलश वंदन रथ यात्रा का आयोजन किया गया। रथ यात्रा के संयोजक रामनरेश पासवान जिला महामंत्री भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के द्वारा विभिन्न ग्रामों में पहुंची रथ यात्रा का ग्रामीणों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ स्वागत किया। इस दौरान मंडल संयोजक चौधरी प्रसाद, सह संयोजक विजय पाल शर्मा, रोहित गौतम, जितेंद्र मौर्य, त्रिभुवन गौतम, डॉ. राजमणि दुबे सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# राज्य मंत्री हंस राज विश्वकर्मा ने स्व0 सौरभ विश्वकर्मा के परिजनों मिलकर बंधाया ढांढस



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** सूक्ष्म, लघु एवं उद्यम विभाग के राज्य मंत्री हंस राज विश्वकर्मा ने निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग प्रतापगढ़ पहुंचकर स्वर्गीय सौरभ विश्वकर्मा के शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की। राज्य मंत्री ने कहा कि अपनों को खोने का दुःख अत्यंत पीड़ादायक होता है। दुःख की इस घड़ी में वह शोकाकुल परिवार के साथ हैं। इस दौरान राज्य मंत्री ने परिजनों से घटना एवं परिवार की स्थिति के संबंध में जानकारी ली तथा उन्हें हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने आश्वासन दिया कि वह इस संबंध में मुख्यमंत्री से वार्ता करेंगे और शोक संतप्त परिवार की मुख्यमंत्री से मुलाकात भी कराएंगे ताकि परिवार की समस्याओं एवं आवश्यकताओं से उन्हें अवगत कराया जा सके।

राज्य मंत्री से मुलाकात के दौरान शोक संतप्त परिवार के पिता मोती लाल विश्वकर्मा, माता हीरावती एवं पत्नी आंचल विश्वकर्मा सहित विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, उपजिलाधिकारी, गाजीपुर के मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, जौनपुर के जिला पंचायत सदस्य राधेश्याम विश्वकर्मा, जिला पंचायत प्रतिनिधि सूर्य प्रकाश विश्वकर्मा, भाजपा महामंत्री राजेश सिंह, पूर्व जिला मंत्री भाजपा राम प्रसाद विश्वकर्मा, भाजपा के सूर्य प्रकाश पटेल, अजय सिंह, पवन कुमार विश्वकर्मा, पूनम विश्वकर्मा, ओम प्रकाश विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## आगरा के होटलों में धधक रही थीं कोयले की भट्टियां, 40 हजार जुर्माना

**आगरा।** नगर निगम की टीम ने बुधवार को फतेहाबाद रोड के आसपास के आधा दर्जन होटलों, रेस्टोरेंट और कैफे की जांच की। सितारा होटलों में कोयले से भट्ठी धधक रही थी। जिस पर 40 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। दोबारा कोयले का प्रयोग करते हुए पकड़े जाने पर विधिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई। भट्ठी और तंदूर को बंद कराया दिया गया। नगर निगम की तमाम सख्ती और चेतावनी के बावजूद शहर के होटल और रेस्टोरेंट संचालक कोयले का प्रयोग कर रहे हैं। धुएं से वायु प्रदूषण बढ़ने के साथ आसपास के वातावरण पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। नगर निगम की टीम ने बुधवार सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक विशेष अभियान चलाया। टीम ने टू सेंट होटल में कोयले की भट्ठी का इस्तेमाल पाए जाने पर 10 हजार रुपये, रोमियो लाइन कैफे पर 20 हजार रुपये, द रीट्रीट होटल में तंदूर का इस्तेमाल किए जाने पर 10 हजार रुपये का शमन शुल्क लगाया। कार्रवाई के दौरान प्रतिष्ठान संचालकों को भविष्य में कोयले की भट्ठी और तंदूर का प्रयोग नहीं करने की चेतावनी भी दी गई।

# संगठन सृजन अभियान का उद्देश्य कांग्रेस संगठन को और मजबूत करना है- प्रमोद सहवाग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** संगठन सृजन अभियान के तहत प्रतापगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सड़वा चण्डिका ब्लॉक में मंडल अध्यक्ष श्री शुभम मिश्र जी के नेतृत्व में माँ चण्डिका देवी धाम के प्रांगण में महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई एवं मंगरौरा ब्लॉक में ब्लॉक अध्यक्ष महेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में किशुनगंज बाजार में बैठक आयोजित कर संगठन को मजबूत बनाने तथा नए जिला अध्यक्ष के चयन को लेकर कांग्रेसजनों की राय एवं सुझाव लिए गए।बैठकों में उपस्थित एआईसीसी कोऑर्डिनेटर प्रमोद सहवाग जी ने कहा कि संगठन सृजन अभियान का उद्देश्य कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्ष का चयन कार्यकर्ताओं की राय, उनकी मेहनत, सक्रियता और संगठन के प्रति समर्पण को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से खुले मन से अपनी राय और सुझाव देने की अपील की।श्री सहवाग ने कहा कि कांग्रेस का संगठन किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि हर कार्यकर्ता की मेहनत और संघर्ष से खड़ा होता है। बैठक का संचालन करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी जी ने सभी कांग्रेसजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिला अध्यक्ष के रूप में कार्य करने का जो अवसर पार्टी और कांग्रेस परिवार ने उन्हें दिया, वह उनके लिए केवल पद नहीं बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी और भावनात्मक सम्मान रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्यकाल में कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता ने जिस तरह कदम से कदम मिलाकर संगठन को मजबूत करने में सहयोग दिया, उसे वह जीवनभर नहीं भूलेंगे।डॉ. नीरज त्रिपाठी जी ने भावुक होकर कहा कि पद आते-जाते रहते हैं, लेकिन कार्यकर्ताओं से बना रिश्ता और कांग्रेस विचारधारा के प्रति हमारी निष्ठा हमेशा कायम रहती है।

उन्होंने कहा कि संगठन सृजन अभियान कांग्रेस को नई मजबूती देने का अवसर है और हमें व्यक्तिगत पसंद-नापसंद से ऊपर उठकर मजबूत, सक्रिय एवं संघर्षशील संगठन के निर्माण में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम शंकर द्विवेदी, जिला सचिव अभय प्रताप सिंह, जिला सचिव लालू तिवारी, ्लॉक अध्यक्ष मोनू मिश्र, मंडल अध्यक्ष विकास शुक्ल, रामशिरोमणि वर्मा, रवि भूषण सिन्हा, प्रवीण द्विवेदी, सड़वा चंडिका ग्राम सभा अध्यक्ष सद्दाम अहमद, उमरी ग्रामसभा अध्यक्ष अजय मिश्र, अंतू नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश पासी, गड़वारा नगर पंचायत अध्यक्ष आशीष शुक्ल, सुरेश सिंह फतेह बहादुर सिंह रामचंद्र पटेल किशन सिंह, राजन पांडेय, रवि तिवारी, प्रदीप यादव, सहित भारी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ल के नेतृत्व में बलिया नगर में उमड़ा जनसैलाब

## हजारों कार्यकर्ताओं ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**बलिया।** देशभक्ति के जोश और राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ बलिया नगर विधानसभा में आज भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री एवं बलिया नगर के पूर्व विधायक आनंद स्वरूप शुक्ल के नेतृत्व में हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लेकर यात्रा में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा के दौरान पूरा शहर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से शहर का वातावरण गूंज उठा। कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर राष्ट्र की एकता, अखंडता और देशभक्ति का संदेश दिया।

यात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष संजय मिश्र सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। तिरंगे के साथ निकली हजारों कार्यकर्ताओं की भीड़ ने कार्यक्रम को भव्य स्वरूप प्रदान किया। पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ल ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूत करने में अपना योगदान दे। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के प्रति सम्मान, समर्पण और राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। यात्रा के दौरान जगह-जगह लोगों ने तिरंगा यात्रा का स्वागत किया। हजारों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी और देशभक्ति के नारों से पूरा बलिया नगर राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया।

# सीबीएसई क्लस्टर खो-खो में आइन्स्टीन पब्लिक स्कूल बना चैंपियन




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्य स्तरीय सीबीएसई क्लस्टर खो-खो अण्डर चौदह में लालगंज आइन्स्टीन पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने चैम्पियनशिप हासिल करने की सफलता ली है। वाराणसी के चोलापुर स्थित सुभाषचंद्र एकेडमी चकरमा में आयोजित गर्ल्स चैम्पियनशिप में आइन्स्टीन की छात्राओं ने हुनर दिखलाते हुए गोल्ड मेडल का खिताब अपने नाम किया। स्कूल की यह टीम अब चेन्नई में होने वाले सीबीएसई नेशनल खो खो चैंपियनशिप अण्डर-चौदह में यूपी का प्रतिनिधित्व करेगी। सफलता पर विद्यालय की निदेशिका श्रुति शुक्ला ने कहा कि चैम्पियनशिप जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व का अवसर क्षेत्र एवं विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। वहीं विद्यालय के संरक्षक विभवभूषण शुक्ल ने विजेता टीम को बुधवार को मुंह मीठा कराकर हौंसला आफजाई की। टीम की सफलता के लिए उन्होने मुख्य कोच देवेश सिंह तथा विद्यालय की सहायक कोच सुषमा यादव के निर्देशन को भी सराहा। सफलता हासिल करने वाली खिलाड़ी आरोही यादव, अनन्या सिंह, मयाली सिंह, अर्पिता द्विवेदी, शुभी, रितिका, अफीफा, जिज्ञासा, भूमि के उत्कृष्ट प्रदर्शन का भी कार्यक्रम में अभिवावकों व शिक्षकों द्वारा सराहा गया दिखा।

# गोवंशों की मौत पर डीएम सख्त, ग्राम पंचायत प्रशासक को जारी किया नोटिस, 15 दिन में मांगा जवाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उन्नाव।** विकासखंड बिछिया की ग्राम पंचायत कोरारीकलां में निराश्रित गोवंशों की मौत और उनके शव लावारिस हालत में मिलने के मामले में जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और बीडीओ की जांच रिपोर्ट के आधार पर डीएम घनश्याम मीणा ने ग्राम पंचायत प्रशासक वरुणादेवी को उत्तर प्रदेश पंचायतीराज अधिनियम के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उनसे 15 दिन के भीतर लिखित स्पष्टीकरण तलब किया गया है।

**पहले डूष्ठह्व सस्पेंड, अब प्रशासक पर गिरी गाज** बिछिया क्षेत्र की कोरारीकलां गौशाला में बीते दिनों 8 से 10 गोवंशों के शव जंगल में पड़े मिलने का वीडियो वायरल हुआ था। इसके बाद बीडीओ बिछिया ने जांच कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी थी। रिपोर्ट में लापरवाही पाए जाने पर पहले डूष्ठह्व को निलंबित किया गया था। अब ग्राम पंचायत प्रशासक से भी जवाब मांगा गया है।



**क्या हैं आरोप** जारी नोटिस में प्रशासक पर पदीय दायित्वों और शासकीय कार्यों में घोर उदासीनता बरतने का आरोप है। शासनादेश के अनुसार गौशाला में रखे गोवंशों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण पशु चिकित्सक से कराना अनिवार्य है। इसके अलावा किसी गोवंश की मृत्यु होने पर शव को निर्धारित स्थान पर गड्ढा खोदकर दफनाना भी ग्राम पंचायत की जिम्मेदारी है। आरोप है कि इन महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं का पालन नहीं किया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि बीमारी से मरने वाले गोवंशों के शव खुले में छोड़ दिए जाते थे। 13 अगस्त को स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गड्ढा खुदवाकर मृत गोवंशों को दफन कराया था।

**तीन बीघा में संचालित है अस्थायी गौशाला** जांच आख्या के अनुसार कोरारीकलां गांव के बाहर करीब तीन बीघा भूमि पर अस्थायी गौशाला संचालित है। इसमें लगभग 105 गोवंश पंजीकृत बताए गए हैं। 14 अगस्त को गौशाला के आसपास जंगल में मृत गोवंशों का वीडियो वायरल होने के बाद मामला तुल पकड़ा था।

**डीएम ने दी कड़ी चेतावनी** पंचायतीराज अधिनियम की धारा 15 के तहत ग्राम पंचायत पर स्वच्छता और पशुधन की सुरक्षा के लिए निवारक उपाय सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी है। प्रशासन ने माना है कि इन दायित्वों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही बरती गई है। डीएम ने निर्धारित समय में संतोषजनक स्पष्टीकरण न मिलने पर पंचायतीराज अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। नोटिस की प्रतिलिपि बीडीओ बिछिया और जिला पंचायत को भी भेजी गई है।

## आगरा कैंट पर मारपीट का मामला, डीएसएस समेत 10 लोगों के विरुद्ध कोर्ट ने दिए मुकदमे के आदेश

**आगरा।** कैंट रेलवे स्टेशन पर डिप्टी स्टेशन मैनेजर (डीएसएस) नरेंद्र सिंह चाहर और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवानों के बीच हुआ अब न्यायालय तक पहुंच गया है। आरपीएफ के एएसआई मेघराज मीणा ने विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट शिव कुमार की कोर्ट में डीएसएस चाहर सहित दस लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की प्रार्थना की थी। कोर्ट ने जीआरपी कैंट थाने को इस मामले में मुकदमा दर्ज कर विवेचना के आदेश दिए हैं। विवाद 12 जुलाई को प्लेटफार्म संख्या एक पर हीराकुंड एक्सप्रेस के रुकने के दौरान उत्पन्न हुआ। डीएसएस चाहर ने आरोप लगाया कि आरपीएफ जवान चेन पुलिंग के आरोप में एक युवक-युवती को पकड़कर वसूली का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने युवती को चलती ट्रेन में चढ़ते देख गार्ड से बात करके ट्रेन को रुकवाया था। इसके बाद चाहर ने जीआरपी कैंट थाने में एएसआई मीणा और अन्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। वहीं, आरपीएफ ने चाहर पर सरकारी कार्य में बाधा डालने और गाली-गलौज करने का आरोप लगाया।

